उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी.....

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

वर्षः 10 || अंकः49 || पृष्ठः 8 || मूल्य 2:00/- रुपए || कानपुर || सोमवार || 29 दिसंबर 2025



अंदर के पृष्ठ पर | चेहरा कूंचकर की पत्नी की हत्या,पहली बीवी की हत्या में जा चुका है जेल 8 | 5.3 डिग्री लुढ़का दिन का पारा हाईवे पर दृश्यता हुई जीरो, लोग कांपे 4

### मन की बात में बोले पीएम मोदी

## 2025 भारत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धियों का वर्ष रहा

» बीपी एस न्यूज




नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि 2025 भारत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धियों का वर्ष रहा और चाहे वह राष्ट्रीय सुरक्षा हो, खेल हो या वैज्ञानिक नवोन्मेष का क्षेत्र हो, देश का प्रभाव हर जगह महसूस किया गया।

अपने मासिक 'मन की बातसंबोधन में मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया, जिसके तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचों और सुरक्षा ठिकानों को नष्ट कियाप्रधानमंत्री ने 2025 को खेलों के लिहाज से यादगार बताते हुए कहा कि पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) चैंपियंस ट्रॉफी जीती, जबकि महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार विश्व कप अपने नाम किया।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा, भारत की बेटियों ने महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम जीतकर इतिहास रचा। उन्होंने कहा कि एशिया कप टी20 में शानदार जीत के साथ तिरंगा गर्व से लहराया और पैरालंपिक खिलाड़ियों ने विश्व चैंपियनशिप में कई पदक जीते। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि विज्ञान और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत ने बड़ी छलांग लगाई और शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचने वाले पहले भारतीय बने।

## भारत में नहीं घुसे उस्मान हादी के हत्यारे-बीएसएफ ने कहा- बांग्लादेश के दावे गुमराह करने वाले

» बीपी एस न्यूज



शिलॉन्ग। ढाका महानगर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा था कि उस्मान हादी की हत्या में शामिल दो संदिग्धों के इस समय भारत में होने का संदेह है। बांग्लादेश के इन दावों को नकारते हुए भारत ने कहा है कि ये दावे गुमराह करने वाले हैं।मेघालय की सुरक्षा एजेंसियों ने रविवार को बांग्लादेश पुलिस के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने शरीफ उस्मान हादी के हत्यारे के भारत में घुसने का दावा किया था। भारतीय सुरक्षा बल (बीएफएफ) ने साफ कहा कि बांग्लादेश पुलिस का यह दावा दुर्भाग्यपूर्ण व भ्रामक है। बता दें कि ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एक अधिकारी ने दावा किया कहा था कि हादी हत्याकांड के दो मुख्य संदिग्ध स्थानीय साथियों की मदद से हलुआघाट सीमा के रास्ते मेघालय में घुस गए हैं।इंस्पेक्टर जनरल ओपी उपाध्याय ने कहा कि मेघालय के बीएसएफ प्रमुख, पुलिस महानिरीक्षक ओपी उपाध्याय ने कहा, ऐसा कोई सबूत नहीं है जिससे पता चले कि किसी व्यक्ति ने हलुआघाट सेक्टर से मेघालय में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार की हो। बीएसएफ ने न तो ऐसी कोई घटना देखी है और न ही उसे ऐसी कोई सूचना मिली है।

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बंकर में छिपने की नौबत आ गई थी, पाकिस्तान के राष्ट्रपति जरदारी का कबूलनामा

» बीपी एस न्यूज

नई दिल्ली। वैश्विक मंच पर पाकिस्तान एक बार फिर न सिर्फ बेनकाब हुआ है, बल्कि इसे शर्मिंदगी भी उठानी पड़ी है क्योंकि इसने मई में भारत द्वारा किए गए रणनीतिक और सटीक हमलों के प्रभाव को स्वीकार किया है।पहलगाम आतंकी हमले के प्रतिशोध में आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के खिलाफ भारत की त्वरित और सटीक जवाबी सैन्य कार्रवाई से पड़ोसी देश न केवल सामरिक दृष्टि से थर्रा उठा था, बल्कि उसका शीर्ष नेतृत्व भी बेहद खौफजदा था। इस बात की तस्दीक एक कार्यक्रम में स्वयं जरदारी ने की। उन्होंने शनिवार को स्वीकार किया कि मई में तनाव बढ़ने के बाद नई दिल्ली के जवाबी हमलों के दौरान उनके सैन्य सचिव ने उन्हें सुरक्षा के लिए तुरंत बंकर में जाने की सलाह दी थी। यह भारतीय सैन्य कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व में व्याप्त भय को उजागर करता है।डार विदेश मंत्री एवं उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने भी शनिवार को साल के अंत में आयोजित होने वाले प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पुष्टि की कि भारत ने रावलपिंडी के चकाला स्थित उनके नूर खान एयर बेस को निशाना बनाया था।।जिससे उनकी सैन्य प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचा ।

## रायगढ़ में पार्षद के पति की हत्या के मामले में नौ लोग गिरफ्तार

» बीपी एस न्यूज

रायपुर। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को खोपोली में मंगेश सदाशिव कालोखे उर्फ ??अप्पा का पीछा कर कुछ लोगों ने उनकी हत्या कर दी। अप्पा (45) अपनी बेटियों को स्कूल छोड़कर घर लौट रहे थे, तभी विहारी इलाके में उन पर हमला किया गया।एक अधिकारी ने बताया कि अप्पा नव निर्वाचित पार्षद मानसी कालोखे के पति थे, जो एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान रायगढ़ पुलिस ने नागोठाणे इलाके से मुख्य आरोपी रवींद्र देवकर, दर्शन देवकर और छह अन्य लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारी के मुताबिक, यह हत्या मानसी कालोखे और उनके प्रतिद्वंद्वी के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का परिणाम थी, जो हाल में हुए स्थानीय निकाय चुनावों में हार गए थे।

## हाई कोर्ट से विश्वास खत्म हो गया, अगर हमें सुप्रीम कोर्ट में न्याय नहीं मिला, तो......

नई दिल्ली। उन्नाव रेप केस की पीड़िता के परिवार और दूसरी महिला एक्टिविस्ट्स ने शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट के बाहर उन्नाव रेप केस में दोषी कुलदीप सिंह सेंगर को मिली सशर्त जमानत के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को चेतावनी देते हुए कहा, यहां प्रदर्शन करना मना और गैर-कानूनी है। पांच मिनट बाद आपके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। अगर आप विरोध करना चाहते हैं, तो जंतर-मंतर जाएं।

पीड़िता की मां ने कहा कि जमानत खारिज होनी चाहिए और उन्होंने कहा कि वह न्याय के लिए सुप्रीम कोर्ट जाएंगी। उन्होंने हाई कोर्ट के फैसले पर भरोसा न होने की बात कही।उन्होंने ANI से कहा, उसकी जमानत खारिज होनी चाहिएज हम सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। हमें हाई कोर्ट पर भरोसा नहीं रहाज अगर हमें सुप्रीम कोर्ट में न्याय नहीं मिला, तो हम दूसरे देश जाएंगेज मेरे पति के हत्यारे को तुरंत फांसी दी जानी चाहिए।महिला एक्टिविस्ट योगिता भयाना ने कहा कि वे उन्नाव रेप पीड़िता के लिए न्याय की मांग करने के लिए शांतिपूर्वक दिल्ली हाई कोर्ट आए हैं और उन्होंने अपील की कि उनकी याचिका सुनी जाए, साथ ही कहा कि अगर न्याय नहीं मिला तो वे विरोध प्रदर्शन करेंगे।ANI से बात करते हुए योगिता भयाना ने कहा, आज हम हाई कोर्ट में शांतिपूर्वक अपील करने आए हैं कि हमारी बेटी के साथ हुए अन्याय को खत्म किया जाए और जो याचिका हम दायर करने वाले हैं, उसे सुना जाए। अगर हमें न्याय नहीं मिला, तो हम विरोध प्रदर्शन करेंगे, और यह हमारा अधिकार है। कांग्रेस नेता मुमताज पटेल ने दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले की आलोचना करते हुए इसे एक ऋबड़ा झटका बताया और कहा कि यह फैसला देश भर की महिलाओं का आत्मविश्वास कम करता है।मुमताज पटेल ने कहा, यह एक बहुत बड़ा झटका है, जिस तरह से हाई कोर्ट ने सेंगर को एक तकनीकी आधार पर क्लीन चिट दे दी है। यह देश में एक बहुत गलत मिसाल कायम कर रहा है। इस फैसले से उनका आत्मविश्वास कितना टूटा होगा। सिर्फ उनका ही नहीं, बल्कि देश भर की महिलाओं का।दिल्ली हाई कोर्ट ने उन्नाव रेप केस में पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को जमानत (सजा पर रोक) दे दी है। उन्हें दिल्ली की CBI कोर्ट ने एक नाबालिग के रेप के मामले में दोषी ठहराया था और वे उम्रकैद की सजा काट रहे थे।

उन्हें 15 लाख रुपये का जमानत बॉन्ड भरने की शर्त पर राहत दी गई है। हालांकि, वह हिरासत में ही रहेगा क्योंकि उसे अभी तक

## प्रवर्तन निदेशालय का मौलाना पर एक्शन, विदेश में रहते हुए ले रहा था उत्तर प्रदेश के मदरसे से सैलरी

बरेली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उत्तर प्रदेश के मूल निवासी और कई वर्षों से यूनाइटेड किंगडम में रह रहे मदरसे के शिक्षक शम्सुल हुदा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया है। आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा की गई जांच के बाद मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत यह कार्रवाई की गई है। अधिकारियों के अनुसार, यह मामला गंभीर वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित है, जिसमें कथित तौर पर विदेश में रहते हुए सरकारी वेतन और पेंशन लाभ प्राप्त करना, विदेशी संस्थाओं से संदिग्ध संबंध और संदिग्ध वित्तीय लेनदेन शामिल हैं।जांच में पता चला कि शम्सुल हुदा को 12 जुलाई, 1984 को आजमगढ़ के मुबारकपुर स्थित दारुल उलूम अहले सुन्नत मदरसा अशरफिया में सहायक शिक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। हालांकि, 2007 में विदेश चले जाने के बावजूद, उन पर आरोप है कि उन्हें निम्नलिखित लाभ मिलते रहे।

नियमित वेतन वृद्धि, बिना सत्यापन के सरकारी लाभ, 2017 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की स्वीकृति, सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन भुगतान अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान अनिवार्य सेवा रिकॉर्ड सत्यापन नहीं किया गया, जिससे आरोपी को विदेश में रहते हुए भी सरकारी धन प्राप्त होता रहा।मौलाना धार्मिक शिक्षा की आड़ में कट्टरपंथी विचारधारा को बढ़ावा दे रहा था और अवैध फंडिंग नेटवर्क चला रहा था। उसने अपनी एनजीओ 'राजा फाउंडेशन' और निजी खातों के जरिए मदरसों में पैसे भेजे।

## बांग्लादेश में नरसंहार के बीच बाबा बागेश्वर ने कहा: हिंदुओं माला और भाला अपने साथ रखो

» बीपी एस न्यूज



बागेश्वरधाम। बांग्लादेश में नरसंहार के बीच बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि बांग्लादेशी हिंदुओं के लिए गेट खोल देना चाहिए।इसके साथ ही उन्होंने हिंदुओं से अपील की है कि वो माला और भाला अपने साथ रखे। बाबा बागेश्वर ने इसका उपयोग किसी पर हमला करने के लिए नहीं, बल्कि अपनी रक्षा करने के लिए बात की।बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों और हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर समाचार एजेंसी ‹ हह्न से बात करते हुए बागेश्वर धाम सरकार आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा 'बांग्लादेश में हिंदुओं पर जारी हमले को लेकर मोदी सरकार को कुछ न कुछ करना चाहिए। अगर कोई ठोस कदम नहीं उठाते हैं, तो बांग्लादेशी हिन्दू खतरे में पड़ सकते हैं। भारत को इस मुद्दे को विश्व स्तर पर उठाना चाहिए।'उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत सरकार को बांग्लादेश में हिंदुओं के लिए कुछ कदम उठाने चाहिए। अगर हम अभी उनके काम नहीं आए, तो हिंदू एकता किसी काम की नहीं है।बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के एक्टिंग चेयरमैन तारिक रहमान ने अपने परेशान देश के लोगों से शांति और स्थिरता लाने के लिए मिलकर काम करने को कहा। अमेरिकी नागरिक अधिकार कार्यकर्ता मार्टिन लूथर किंग के एक उद्धरण का जिक्र करते हुए, रहमान ने कहा, मेरे पास अपने देश के लोगों और अपने देश के लिए एक योजना है।रहमान ने आगे कहा, यह योजना लोगों के हित के लिए, देश के विकास के लिए, देश की किस्मत बदलने के लिए है। इस योजना को लागू करने के लिए, मुझे देश के सभी लोगों के समर्थन की आवश्यकता है। अगर आप हमारे साथ खड़े होते हैं, तो ईश्वर की कृपा से, हम अपनी योजना को लागू कर पाएंगे।उन्होंने कहा कि वह एक सुरक्षित बांग्लादेश बनाना चाहते हैं जहां जाति, पंथ और धर्म की परवाह किए बिना लोग शांतिपूर्ण माहौल में रह सकें। उन्होंने कहा, हमारे देश में पहाड़ों और मैदानों के लोग हैं ङ्क मुस्लिम, हिंदू, बौद्ध और ईसाई। हम एक सुरक्षित बांग्लादेश बनाना चाहते हैं, जहां हर महिला, पुरुष और बच्चा सुरक्षित रूप से घर से निकल सके और सुरक्षित रूप से लौट सके।

## बाबरी मस्जिद की नींव रखने वाले हुमायूं कबीर मोदी के हुए मुरीद

» बीपी एस न्यूज



बंगाल में हुमांयू कबीर ने लगातार टीएमसी की मुश्किलें बढ़ा रखी हैं। या फिर यूं कहें कि ममता बनर्जी की जमीन हिला कर रख दी है।

अब हुमांयू कबीर की तरफ से एक ऐसा बयान सामने आया है जिसे सुनकर बंगाल सीएम परेशान हैं और टीएमसी में खलबली मची हुई है। दरअसल, ये वही हुमांयू कबीर हैं जिन्होंने बीते दिनों बाबरी मस्जिद बनाने का ऐलान किया। बकायदा बाबरी मस्जिद बनाने के लिए बंगाल में उसकी नींव भी रख दी। तमाम मुसलमानों को एकट्ठा किया गया।

कई मौलाना भी उनके मंच पर खड़े नजर आए। विवाद भड़का ही था तभी ममता बनर्जी ने एक्शन लेते हुए हुमांयू कबीर को पार्टी से निकाल दिया।

हुमांयू कबीर ने सीधे सीधे ममता बनर्जी को चुनौती दी कि कोई भी बंगाल में बाबरी मस्जिद बनने से नहीं रोक पाएगा।

पूरे देश में हिंदुओं का खून खौल रहा था। जिस बाबर के नाम को अयोध्या से मिटाया गया। उस बाबर का नाम लेकर बंगाल में हुमांयू कबीर ने एक नई राजनीति शुरू कर दी और सबसे अहम बात है कि ये राजनीति ममता बनर्जी पर ही भारी पड़ी। जितने भी मुसलमान बाबरी के नाम पर खुश हो रहे हैं और हुमांयू कबीर के करीब जा रहे हैं। हुमांयू कबीर ने नई पार्टी का ऐलान भी कर दिया। हुमांयू कबीर ने ममता बनर्जी की मुश्किलें बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।हुमांयू कबीर ने खुलकर पीएम मोदी की तारीफ कर दी है। उन्हें बेहतर नेता बताया है।

कबीर ने कहा कि मेरे पसंदीदा नेताओं में इंदिरा गांधी थीं। इसके बाद राजीव गांधी, लेकिन वर्तमान में मुझे डॉक्टर मनमोहन सिंह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहुत पसंद हैं। मुझे अल्लाह पर पूरा भरोसा हैज मुझे किसी तरह का कोई डर नहीं हैज एक दिन तो मरना ही है। प्रधानमंत्री देश का सबसे बड़ा चेयर है और उनका इज्जत देना चाहिए। उनके साथ मेरा कोई कंपेयर नहीं होना चाहिए। हुमांयू कबीर ने जो कहा वो हैरान कर देने वाला है।

एक तरफ वो बाबरी मस्जिद बनाने की बात कर न सिर्फ हिंदुओं को चुनौती दे रहे हैं।

बल्कि बीजेपी को निशाने पर ले रहे हैं। वहीं ममता बनर्जी की राजनीति को ध्वस्त करने का भी काम कर रहे हैं।

## अमित शाह ने अरुण जेटली और रतन टाटा को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली और प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में जेटली को एक अद्वितीय संवैधानिक और कानूनी विशेषज्ञ एवं एक उत्कृष्ट वक्ता के रूप में याद किया, जिन्होंने एक सांसद के रूप में एक अमिट विरासत छोड़ी।शाह ने कहा कि जेटली को कई ऐतिहासिक कानूनी मुद्दों में उनके योगदान के लिए याद किया जाएगा। शाह ने कहा, ''अपनी कुशाग्र कानूनी सूझबूझ से पार्टी को मजबूत करने में उनकी समर्पित भूमिका समय की हर कसौटी पर खरी उतरेगी।''गृहमंत्री ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा कि टाटा ने ईमानदारी और करुणा के साथ भारतीय उद्यम को नया रूप दिया। टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शाह ने कहा, ''स्वदेशी उद्योग के निर्माण से लेकर निस्वार्थ परोपकार तक, उन्होंने यह साबित कर दिया कि सच्ची सफलता राष्ट्र की सेवा में निहित है।

बी पी एस न्यूज परिवार की ओर से सभी देशवासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं






संपादक
(बी.पी.साहू)
मो-8423454502,
व्हाटसअप-9335908846
बी पी एस न्यूज लेटेस्ट खबरें पढ़ने व देखने के लिए लॉगिन करें
www.bpsnews.in

## अपनी बात....
### संपादकीय ............

# सेंगर की रिहाई से उठे सवाल

उन्नाव दुराचार मामले में दोषी कुलदीप सिंह सेंगर को सशर्त जमानत दिए जाने के खिलाफ शुक्रवार को पीड़िता की मां समेत कई लोगों ने दिल्ली हाईकोर्ट के सामने प्रदर्शन किया। वे दोषियों को कड़ी सजा दिए जाने की मांग कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों दिल्ली हाईकोर्ट ने बहुचर्चित उन्नाव रेप केस के दोषी पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को सशर्त जमानत दे दी थी। जिसके बाद फैसले को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं। पीड़िता की मां इस जमानत को रद्द करने और शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने की बात कहती रही हैं। वे अपने पति के हत्यारों को फांसी देने की गुहार लगाती नजर आईं। विपक्षी नेता भी आरोप लगाते रहे हैं जिस तरह तकनीकी आधार पर दोषी को छूट दी गई है, उसमें न्यायिक प्रणाली के लिये गलत परंपरा विकसित होगी। जिससे पीड़िता के परिवार का ही नहीं, बल्कि देश की महिलाओं का भरोसा भी टूटेगा। दरअसल, वर्ष 2017 में हुए इस बहुचर्चित मामले में पूर्व विधायक को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनायी गई थी। जिसे हाईकोर्ट ने कुछ शर्तों के साथ पिछले दिनों जमानत दे दी। जिसके खिलाफ पीड़ित पक्ष और कतिपय महिला संगठन मुखर हुए हैं। बल्कि इस मामले की सर्वाइवर का कहना था कि यदि दोषी व्यक्ति जेल से बाहर होगा तो सुरक्षा के लिये मुझे जेल भेज दिया जाए। उल्लेखनीय है कि सजा मिलने के छह साल बाद हाईकोर्ट की एक बैंच ने उसकी सजा निलंबित कर दी थी। पूर्व विधायक को 15 लाख रुपये के निजी मुचलके और समान राशि के तीन जमानतदार पेश करने का निर्देश दिया था। सजा निलंबित होने के कुछ ही घंटों के बाद पीड़िता व कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इंडिया गेट पर विरोध प्रदर्शन किया था। उनका आरोप था कि उत्तर प्रदेश के अगले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दोषी को जमानत दी गई है।पीड़ित पक्ष का आरोप था कि दोषी व्यक्ति जेल से बाहर रहेगा तो उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। इस मामले में विपक्षी राजनीतिक दलों की भी तल्ख प्रतिक्रियाएं आई हैं। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता ने इस जमानत को निराशाजनक बताया। उल्लेखनीय है कि इस अपराध के सामने आने में दस माह लगे थे। मामले के तूल पकड़ने पर पीड़िता के पिता पर हमला हुआ था। उन्हें बाद में जेल भेज दिया गया था और पुलिस हिरासत में रहस्यमय ढंग से उनकी मृत्यु हो गई थी। उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट की बेंच ने कहा कि जमानत की अवधि में सेंगर सर्वाइवर के पांच किमी के दायरे में नहीं आएंगे और दिल्ली में ही रहेंगे। उसे हर सोमवार पुलिस के समक्ष रिपोर्ट करने का भी निर्देश दिया गया है। साथ ही यह भी कि किसी भी शर्त के उल्लंघन में जमानत रद्द कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि सेंगर ने ट्रायल कोर्ट में दुराचार के लिये दोषी ठहराने वाले फैसले को चुनौती दी थी। दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद उसे गिरफ्तार किया गया था, उसके खिलाफ बलात्कार, अपहरण और आपराधिक धमकी के आरोप लगे। साथ ही पोक्सो एक्ट के तहत भी मामला दर्ज हुआ था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इससे जुड़े चार मामलों की सुनवाई दिल्ली स्थानांतरित कर दी थी। इस बीच रायबरेली जाते समय पीड़िता की कार को एक ट्रक ने टक्कर मारी थी, जिसमें उनकी दो मौसियों की मौत हो गई थी। यही वजह है कि ट्रायल कोर्ट ने दुराचार के मामले में सेंगर को दोषी ठहराते हुए न केवल आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी बल्कि निर्देश दिया था कि सीबीआई सर्वाइवर और उसके परिवार के जीवन व स्वतंत्रता की सुरक्षा भी सुनिश्चित करे। इतना ही नहीं ट्रायल कोर्ट ने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में सेंगर के सार्वजनिक सेवक होने के बावजूद अपराध करने को अनैतिक बताया था। जो जनता का विश्वास तोड़ने वाला है। वहीं कानून के जानकार मानते हैं कि पीड़िता के पिता की हत्या के मामले में भी सेंगर को दस साल की सजा हुई थी।

# नैतिकता की कसौटी पर नेपाल की राजनीति

विश्वनाथ सचदेव

**नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा, नेकपा एमाले के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली, और 'नेकपा-माओवादी' के कोऑर्डिनेटर पुष्पकमल दाहाल के बीच आम चुनाव को सफल बनाने के लिए सहमति बन गई है। नेपाल में चुनाव 5 मार्च, 2026 को...नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा, नेकपा एमाले के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली, और 'नेकपा-माओवादी' के कोऑर्डिनेटर पुष्पकमल दाहाल के बीच आम चुनाव को सफल बनाने के लिए सहमति बन गई है। नेपाल में चुनाव 5 मार्च, 2026 को होंगे, लेकिन क्या आम सहमति से शांतिपूर्ण मतदान संभव होगा ?नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने मंगलवार को प्रधानमंत्री सुशीला कार्की और प्रमुख राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं के बीच छलफल (बातचीत) का आयोजन किया था। 12 सितंबर को पद संभालने के बाद प्रधानमंत्री कार्की और प्रमुख राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं के बीच यह पहली बैठक थी।**



नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा, नेकपा एमाले के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली, और 'नेकपा-माओवादी' के कोऑर्डिनेटर पुष्पकमल दाहाल के बीच आम चुनाव को सफल बनाने के लिए सहमति बन गई है। नेपाल में चुनाव 5 मार्च, 2026 को होंगे, लेकिन क्या आम सहमति से शांतिपूर्ण मतदान संभव होगा? यह सबसे बड़ा सवाल है। प्रचंड ने कहा, 'अगर सरकार उनके लिए अनुकूल माहौल बनाती है, तो पार्टियां चुनाव में जाने के लिए तैयार हैं।'जबकि, नेपाली कांग्रेस और नेकपा-एमाले जैसी प्रमुख राजनीतिक ताकतों के सांसदों ने भंग की गई प्रतिनिधि सभा को बहाल करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिकाएं दायर की हैं। सोमवार को राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रबी लामिछाने और काठमांडू के मेयर बालेनेंद्र (बालेन) शाह के बीच देर रात हुई बैठक ने, नेपाल के राजनीतिक गलियारों में एक नई बहस छेड़ दी है कि क्या उभरती वैकल्पिक राजनीतिक ताकतों के बीच गठबंधन संभव है?लामिछाने 'को-ऑपरेटिव फंड घोटाले' में कथित संलिप्तता के आरोप में नौ महीने से हिरासत में थे। शुक्रवार को, लामिछाने को जेल से रिहा किया गया था। लामिछाने पर कोऑपरेटिव फंड घोटाले में कथित संलिप्तता को लेकर पांच ज़िलों में कानूनी मामले चल रहे हैं। मंगलवार को चितवन कोर्ट से निकलने के बाद पत्रकारों से लामिछाने ने कहा कि हमने ऐसी किसी चर्चा में हिस्सा नहीं लिया, जिसमें बालेन शाह को प्रधानमंत्री बनाने की बात हो। लामिछाने बोले, 'मैं जल्द ही जेनज़ी के दो प्रमुख नेताओं सुदन गुरुंग और कुलमान घिसिंग से बात करूंगा।' नेपाल में विकल्प की राजनीति का ऊंट किस करवट बैठता है, अभी से कहना मुश्किल है।लेकिन, सबसे अधिक मुश्किल वामपंथी एकता को लेकर हो रही है। पेइचिंग का मानना है कि बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) प्रोजेक्ट्स और दूसरी संधियों को आसानी से लागू करने के लिए एक मज़बूत, एकजुट कम्युनिस्ट शासन ज़रूरी है। चीन ने 2018 में दो सबसे बड़ी कम्युनिस्ट पार्टियों, 'नेकपा-एमाले' और 'नेकपा-माओवादी सेंटर' के बीच विलय कराने में सफलता हासिल की थी। फिर भी, ओली और प्रचंड के बीच हुई दुरभिसंधि, दूर तक नहीं जा सकी। वर्ष 2021 में दोनों अलग हो गए।कभी पूर्व राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी और केपी शर्मा ओली, 'तोड़ेंगे दम मगर, तेरा साथ ना छोड़ेंगे' का तराना गाते थे, अब दोनों एक-दूसरे को फूटी आंख नहीं सुहाते। ओली, एमाले नेतृत्व को छोड़ने के मूड में कतई नहीं थे। आगामी 22 फरवरी, 2026 को ओली 74 साल के हो जायेंगे। एमाले का संविधान 70 साल की उम्र सीमा और अध्यक्ष पद को दो कार्यकाल तक सीमित करता है। ओली ने पार्टी अधिवेशन के ज़रिये उम्र सीमा और दो टर्म वाली अवधि को निरस्त करवा दिया। विद्या देवी भंडारी 64वां वसंत देख चुकी हैं। बाक़ी वक्त वो बियावान में काटना नहीं चाहतीं। जून की शुरुआत में चीन की आधिकारिक यात्रा से लौटने के बाद, पूर्व राष्ट्रपति भंडारी ने एमाले अध्यक्ष बनने की अपनी योजना का खुलासा किया था। चीन की ओर से शायद विद्या देवी भंडारी को हरी झंडी मिल चुकी थी। वर्ष 2015 से 2023 तक देश की राष्ट्रपति बनने से पहले, विद्या देवी भंडारी ने पार्टी में उपाध्यक्ष के तौर पर काम किया था।विद्या देवी भंडारी के सक्रिय राजनीति में फिर से आने की घोषणा के बाद, ईश्वर पोखरेल सहित कुछ वरिष्ठ नेताओं ने उनके फैसले का स्वागत किया और एमाले प्रमुख बनने की उनकी योजना के पक्ष में लॉबिंग की। लेकिन, जुलाई में हुई केंद्रीय समिति की बैठक में, लगभग 90 प्रतिशत सदस्यों ने भंडारी की दावेदारी को खारिज कर दिया। यह तर्क देते हुए कि जो व्यक्ति पहले ही देश का राष्ट्रपति रह चुका है, उसका सक्रिय राजनीति में लौटना गलत सन्देश देगा।

जो आलोचक यह तर्क देते हैं, कि राष्ट्रपति के रूप में भंडारी सिर्फ़ ओली की कठपुतली थीं, वे पूरी तरह से गलत नहीं हैं। विद्या देवी भंडारी ने दिसंबर, 2020 और मई, 2021 में ओली द्वारा संसद को असंवैधानिक रूप से भंग करने के फैसले पर दो बार मुहर लगाई थी।विद्या देवी भंडारी से टकराव की दूसरी वजह पूर्व राजा ज्ञानेंद्र हैं। विद्या देवी भंडारी एक ऐसे पॉलिटिकल सिस्टम की पैरोकार हैं, जिसमें राजशाही को जगह मिलती है। उनके दिवंगत पति, मदन भंडारी, जिनकी नेकपा (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) 1991 में मनमोहन अधिकारी के नेतृत्व वाली नेकपा (मार्क्सवादी) के साथ मिलकर मौजूदा नेकपा-एमाले बनी थी, हमेशा से सोचते थे कि संवैधानिक राजशाही के लिए गुंजाइश है।नेपाल में नैतिकता बनाम वास्तविकता पर बहस छिड़ती है, तो नैतिकता को कई मौक़ों पर हम हारते हुए देखते हैं। पद छोड़ने के बाद, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश किसी भी सरकारी पद पर नियुक्ति के योग्य नहीं होंगे, ऐसा बताया जाता है।

# उत्पीड़न, बढ़ते आरक्षण और कमजोर नेतृत्व से चिंतित है ब्राह्मण समाज

## बड़ी बहस - ब्राह्मण विधायकों के बैठक से क्यों ऐतराज

राजनीतिक विशलेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी

पंकज सीबी मिश्रा



**52 ब्राम्हणो के कुटुंब भोज जुटान में ऐसी क्या बात हुई कि भाजपा में मच गई खलबली ? क्या भाजपा ने ब्राह्मणों को गुलाम बनाने के प्रोजेक्ट में सफलता प्राप्त कर ली है ! अगर बात राजनीति की करें तो पहले फेज में धर्म का चूरन चटा कर ब्राह्मणो को एक ङ्क एक कर कांग्रेस से बाहर निकलवाया फिर अटल बिहारी वाजपेयी नामक वह लॉलीपॉप पकड़ा दिया जिसका कोई लाभ ब्राह्मण समुदाय को हुआ ही नहीं जबकि उसके पैरलल राजनाथ सिंह और कल्याण सिंह लगातार अपने समाज को आगे बढ़ाते रहें । दूसरे फेज में बचे ब्राह्मणो को ठिकाने लगाने के लिए दो ओबीसी नेता गुजरात से पूरी पार्टी हैक कर लेते है और इन्हीं ब्राह्मणो के दम पर यूपी की राजनीति से पहले मायावती को और फिर अखिलेश यादव को उखाड़ फेंकते है।**

श्रीकांत शर्मा और दिनेश शर्मा को चुपचाप किनारे लगा दिया जाता है और किसी को भनक तक नहीं लगती। अब तीसरे फेज में पहले स्वतंत्र देव सिंह चौधरी, फिर भूपेंद्र चौधरी और ठीक उसके बाद पंकज चौधरी जैसे ओबीसी को प्रदेश का नेतृत्व सौप दिया जाता है ताकि पूरी राजनीति जातिवादी प्रक्रिया में शिफ्ट हो जाए और ओबीसी आरक्षण जो पहले 12व था वह बाद में 27व हुआ और अब इसे 42व करने की पहल शुरू हो सके कोई ब्राह्मण चू तक ना करें । सच कहूँ तो ब्राह्मणो के राजनीतिक नरसंहार की तैयारी चल रही है। टोटल सरेंडर करो और यह मानकर खुश रहो कि देश में हिंदू शासन है। क्षत्रिय के कुटुंब बैठक पर चुप रहने वाली भाजपा को ब्राम्हण जुटान से क्यों है तकलीफ.? इसका उत्तर अब अगर नहीं मिला तो आगे यूपी की सत्ता पर सपा का काबिज होना भी लगभग तय ही है । क्यूंकि दो ब्राहमण मंत्री दया शंकर मिश्र दयालु और ब्रजेश पाठक दोनों से ब्राहमण समाज नाराज है। क्यूंकि इन्होने अपने समाज के उत्थान की ना पहल की ना सदन में ब्राहमणो के लिए कोई आवाज़ उठाई। जबकि ओमप्रकाश राजभर और संजय निषाद जैसे लोग अपने समाज के लिए लेटर पर लेटर लिख रहें।गजब दशा है उत्तर प्रदेश की अब ! कुछ ब्राह्मण विधायक एक साथ बैठकर के चाय पानी पी लिये तो ये बात भारतीय जनता पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को बुरी लग गई जबकि वह खुद कई बार कुर्मी समाज के कुटुंब बैठक का प्रतिनधित्व करते रहें है। अब जब वह ब्राह्मण विधायकों को धमकी दे दिए की अगर अगली बार इस तरह की बैठक होती है तो कार्यवाई होगी तो लगता है कि भाजपा में लोकतंत्र खत्म हो गया है। अब आपस में लोग बैठेंगे तो इस बात की अनुमति भी भाजपा अध्यक्ष से लेनी पड़ेगी ! हिंदुत्व के नाम पर ब्राह्मण के साथ भाजपा का छल कही भाजपा को भारी ना पड़ जाए ! अपवाद स्वरूप देवेंद्र फडणवीस को छोड़ दें तो किसी जनप्रिय ब्राह्मण नेता को भाजपा कभी आगे नहीं बढ़ाता दिखा । अगर संजय जोशी आगे बढ़ गए तो क्या नरेंद्र मोदी को आउटशाइन नहीं कर देंगे ? फिर प्रोजेक्ट अंबेडकरी हिंदुत्व कैसे लागू होगा ? इसीलिए भाजपा को ब्राह्मण गुलाम चाहिए। बिहार में यह प्रक्रिया पूर्ण हो गई है और कभी सत्ता के केंद्र में रहने वाला ब्राह्मण आज बिहार समेत कई राज्यों में पूर्णतया बंधक हो गया है। उसकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा ही समाप्त हो गई है। सीमा द्विवेदी जैसे लोग कठपुतली बन कर केवल प्रॉपर्टी जमा कर रहें।ब्राह्मण समाज अब खुलकर इनसे टिकट तक नहीं माँग पा रहा है, न प्रशासन में है, न मंत्रालयों में है, न नौकरी में है। अपने ऊपर हो रहे जातिगत अत्याचारों पर बोल तक नहीं पा रहा है। ब्राह्मणो नें कांग्रेस से निकलने के बाद पूर्णतया अपनी प्राथमिक पहचान हिंदू कर ली है और हिंदू राज देखकर खुश रहता है। जिस पार्टी में अभी हाल ही में विभिन्न सवर्णङ्कओबीसी जातियों के जन-प्रतिनिधियों की जातीय बैठक हो चुकी है, वहाँ से इन मानसिक गुलाम विधायकों की बैठक पर ऐसी तीव्र प्रतिक्रिया क्यों आती और फिर रत्नाकर मिश्र को सफाई क्यों देनी पड़ती ? यह तो अच्छा हुआ कि पंकज चौधरी ने सिर्फ़ लेटर जारी किया है, अगर मोहन भागवत तक ख़बर पहुँचती तो इन जाति बनाने वाले हिंदू-विरोधी ब्राह्मणों पर कोड़े बरसाते हुए रेशीमबाग बुलाने का हुक्म जारी कर सकते थे। यूपी के सीएम पर ब्राम्हण विरोधी होने का कलंक लगता रहा है ऐसे में यदि वोटर नाराज हुए तो सपा की चांदी हो जाएगी क्यूंकि लोकसभा चुनाव में इन्हीं ब्राह्मण वोटरों नें चार सौ पार के नारे की हवा निकाल दी थी। भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी की नाराज़गी से ब्राह्मण विधायकों को कितना नुकसान होगा या नहीं, यह अलग विषय है, लेकिन इस तरह के बयान देकर वे जाने अनजाने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की राजनीतिक साख को सीधा नुकसान पहुँचा रहे हैं। और अब उन्हें प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाने तक का नारा बुलंद हो रहा।

किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में समाज के विधायकों को यह स्वतंत्रता और अधिकार होना चाहिए कि वे आपस में बैठकर अपने समाज की समस्याओं, अपेक्षाओं और भविष्य पर विचार कर सकें। इस पर रोक या आपत्ति न सिर्फ असंवैधानिक सोच को दर्शाती है, बल्कि इससे ब्राह्मण समाज में गलत, अपमानजनक और निराशाजनक संदेश जाता है। नेतृत्व का काम समाजों को जोड़ना होता है, दबाना नहीं।किसी भी समूह का सोशल और पोलिटिकल कैपिटल उसका मध्यमवर्गीय चेतना होता है। अमीरों के लिए इन सब नॉनसेन्स में पड़ने का वक्त नहीं है, गरीब को प्रत्यक्ष कुछ दांव पर दिखता नहीं है।कांग्रेस के पतन के बाद , बगैर स्ट्रीट पर आए सत्ता के व्यवहार को प्रभावित करने की ब्राह्मणों के क्षमता को संघ ने समझ लिया था। इसलिए संघ ङ्क भाजपा ने डर के हथियार से ब्राह्मणों के मध्यमवर्गीय समूह को ट्रैप कर लिया है। जहां एक तरफ मुसलमान और उनकी ऐतिहासिक कारणों का प्राइमरी डर है और दूसरी तरफ रैडिकल अंबेडकरवाद का नया डर है।

किसी भी ब्राह्मणों के फंक्शन शादी-विवाह इत्यादि में चले जाइए। 10 में से 9 ब्राह्मण भाजपाई है मोदी-योगी उसके नेता है। स्तिथि ऐसी बन गई है कि भाजपा सोने का हार छीनकर ब्राह्मणों को पायल पकड़ा रही है और इसको प्रत्यक्ष देखने के बावजूद ब्राह्मणों का एक बड़ा समूह उसमें संतोष कर ले रहा है। एक ब्राह्मण लड़के का पोस्ट पढ़ा कि उसके भतीजे पर स्कूल मे हुई बच्चों की लड़ाई में एसटी एससी ऐक्ट लग गया। यह स्टेट का आम ब्राह्मण के साथ युद्ध नहीं है तो क्या है ? अच्छे मार्क्स लाकर डिज़र्विंग संस्थानों से वंचित रहो , नौकरियों से वंचित रहो और इन सब को नियति मानकर संतोष कर लो तो स्टेट प्रिविलिज्ड पाई हुई जातियों के हेट कैम्पैन का शिकार हो जाओ। कन्हैया कुमार और स्वामी प्रसाद जैसे खैराती तुम्हे धकियाते और गरियाते फिरे। बतौर नागरिक यह जन्म के आधार पर भेदभाव है कि नहीं ? दुनिया मे ऐसा कौन सा गणराज्य है जो अपने नागरिकों के साथ ऐसा कर रहा है ? यह सब तो चलते आ रहा था मगर भाजपा ने अब ब्राह्मणों के राजनैतिक अंत की पटकथा भी लिख दी है। अब ब्राह्मणों का नेता भी ब्राह्मण नहीं बनाएंगे बल्कि संघ-भाजपा के भाई-साहब लोग बनाएंगे। और जब संघ-भाजपा के लोग ही ब्राह्मण नेता बनाएंगे तो कोई ब्राह्मण नेता ब्राह्मणों के मुद्दे पर क्यों बोलेगा उदाहरण के लिए रीता बहुगुणा जोशी और मनोज तिवारी को लें लीजिये।

उन्हें डर है कि अपने समाज की बात किए और कहीं अमित शाह भाई साहब फोन करके धुत्कार दिए तो ? आईएएस वर्मा वाले मुद्दे पर पूरे देश में किसी भाजपा के ब्राह्मण नेता सदन में मुँह नहीं खुला। ना किसी ने उसे अपने अहं पर लेकर उसके बयान के कंसीक्वेंसेज़ तक उसे पहुंचाया। एकमात्र बयान लोजपा के नेता राजू तिवारी का था , जो ब्राह्मणों की राजनीति करके नेता बनें है।भाजपा के भाई साहबों और स्थानीय भाजपा सांसद ने तो एडी-चोटी का जोर लगा दिया था उसे भी हराने के लिए। ऐसे फैसले पार्टी की मजबूती नहीं, बल्कि भीतर की दरारों को और गहरा करते हैं।




## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।
दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।
फोन नं.- 8423454502,
bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओ को सूचित किया जाता है कि बीपीएस न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - संपादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओ, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।
संपर्क करें -:मो.: 8423454502
email:bps.knp786@gmail.com

# सड़क हादसे में पैसे का बहाना खत्म

## हर अस्पताल को करना होगा कैशलेस इलाज

### डीएम ने दिया अस्पताल संचालकों को आदेश

» बीपीएस न्यूज

**कानपुर।सड़क हादसे में घायल को अस्पताल के दरवाजे पर तड़पने नहीं दिया जाएगा। इलाज के नाम पर अब न आनाकानी चलेगी, न पैसों का बहाना। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कानपुर नगर के सभी नर्सिंग होम और निजी चिकित्सालयों को स्पष्ट आदेश जारी करते हुए कहा है कि सड़क दुर्घटना में लाए गए किसी भी घायल को इलाज से मना नहीं किया जाएगा और न ही उसे अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति से एक रुपये की मांग की जा सकेगी।**

» **सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को दुर्घटना की तारीख से सात दिनों तक अधिकतम एक लाख पचास हजार रुपये तक का इलाज पूरी तरह कैशलेस दिया जाएगा**

» **घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले से भी नहीं मांगे जाएंगे पैसे, डीएम का साफ निर्देश**

» **यदि किसी अस्पताल, निजी नर्सिंग होम ने घायल का ईलाज करने से किया इनकार तो होगी सख्त कार्रवाई**




जिलाधिकारी के आदेश में साफ किया गया है कि सड़क दुर्घटनाओं में अक्सर यह देखा जाता है कि घायल को अस्पताल लाने के बाद इलाज शुरू करने से पहले धनराशि, पहचान या औपचारिकताओं की बात की जाती है, जिससे कीमती समय नष्ट होता है और कई बार जान तक चली जाती है। इसी प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए भारत सरकार ने कैशलेस उपचार योजनाङ्क2025 को अधिसूचित किया है, जिसे अब जिले में सख्ती से लागू किया जाएगा।

आदेश के अनुसार मोटर वाहन से हुई सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को दुर्घटना की तारीख से सात दिनों तक अधिकतम एक लाख पचास हजार रुपये तक का इलाज पूरी तरह कैशलेस दिया जाएगा। इस इलाज का खर्च अस्पताल को मोटर वाहन दुर्घटना निधि से मिलेगा, जिसका भुगतान केंद्र सरकार द्वारा किया जाएगा। ऐसे में किसी भी अस्पताल के पास इलाज से इनकार करने या पैसे मांगने का कोई आधार नहीं रहेगा। यदि कोई अस्पताल इस आदेश का उल्लंघन करता है तो इसकी शिकायत सीएमओ अथवा जिलाधिकारी से सीधे की जा सकती है।जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया है कि घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले राहगीर, परिचित या परिजन से इलाज के नाम पर किसी प्रकार की धनराशि नहीं ली जाएगी। इस आदेश से लोगों में घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाने का भरोसा बढ़ेगा और डर या झिझक के कारण मदद से पीछे हटने की मानसिकता टूटेगी।डीएम ने सभी निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम संचालकों को निर्देश दिए हैं कि इस व्यवस्था का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर आदेश की अवहेलना पाए जाने पर संबंधित अस्पताल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।




## डॉक्टरों से शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 5.70 करोड़ की ठगी में आठ गिरफ्तार

» बीपीएस न्यूज

कानपुर क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने लोको कॉलोनी से आरोपियों को दबोचा। आरोपियों के पास से 13 मोबाइल, सिम कार्ड समेत अन्य दस्तावेज बरामद हुए। क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने शेयर मार्केट और आईपीओ में निवेश कर अधिक लाभ का झांसा देकर तीन डॉक्टरों से 5.70 करोड़ रुपये की ठगी करने में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से काली स्कॉर्पियो, 13 मोबाइल, सिम कार्ड, डिजिटल दस्तावेज, बैंकिंग विवरण, डेबिट कार्ड, क्यूआर कोड, क्रिप्टो करेंसी वॉलेट विवरण, टेलीग्राम, व्हाट्सएप चैट समेत अन्य कागजात बरामद हुए। क्राइम ब्रांच ने सबसे पहले मास्टरमाइंड को दबोचा। वह इंडोनेशिया में बैठे हैंडलर से व्हाट्सएप कॉल पर बातें कर रहा था। उसी की निशानदेही पर अन्य पकड़ में आए। साइबर अपराधियों ने स्वरूपनगर की नामी पैथोलॉजी के तीन डॉक्टरों को लांच क्लब एच 49 ग्रुप से जोड़ लिया। इसके बाद उन्हें शेयर मार्केट व आईपीओ में निवेश की जानकारी दी गई। उन्हें लिंक भेज फर्जी एप डाउनलोड कराया। एप के माध्यम से डॉक्टरों से कई बार में 5.70 करोड़ रुपये का निवेश कराया। आरोपियों ने स्वयं को सेबी रजिस्टर्ड कंपनी का प्रतिनिधि बताकर संबोधित किया था। कुछ समय बाद डॉक्टरों को ठगी होने का पता चला। इसके बाद उन्होंने क्राइम ब्रांच थाने में एफआईआर दर्ज कराई। क्राइम ब्रांच के साइबर सेल ने कॉल करने वाले सर्वर और जिन खातों में रुपये ट्रांसफर हुए थे उनकी जांच कराई। उन्हीं खातों की जांच में लखनऊ के निखिल वर्मा का नाम सामने आया। उससे पूछताछ हुई जिससे अन्य आरोपी पकड़े गए। जेसीपी अपराध आशुतोष कुमार ने बताया कि गिरोह का मास्टरमाइंड फतेहपुर के सिविल लाइंस का शिवम पटेल है। वह इंडोनेशिया में बैठे हैंडलर से व्हाट्सएप कॉल करता था। उसकी कॉल का रिकार्ड साइबर सेल को मिल गया।

## मुनाफे का लालच पड़ा भारी साइबर ठगों ने उड़ाए 26 लाख

### 22 लाख निवेश कर फंसा युवक, मुनाफा निकालने पर खुला फ्रॉड का राज
### वर्क फ्रॉम होम के नाम पर महिला से भी 4 लाख उड़ाए, साइबर सेल जांच में जुटी



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। साइबर ठगों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग और वर्क फ्रॉम होम के नाम पर दो अलग-अलग लोगों से करीब 26 लाख रुपए की ठगी कर डाली।कल्याणपुर थाना क्षेत्र में हुई इन दोनों वारदातों की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है।

आवास विकास-3 के रंजीत कुमार शाह को व्हाट्सएप पर ऑनलाइन ट्रेडिंग से भारी मुनाफा कमाने का ऑफर मिला था। पहले उन्होंने इसे अनदेखा किया, लेकिन बाद में आए कॉल पर उन्हें टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ दिया गया। ग्रुप में बैलेंस शीट पर लगातार मुनाफा दिखाए जाने से रंजीत भरोसा कर बैठे और उन्होंने पहले 30 हजार, फिर कई फर्मों में मिलाकर 22 लाख रुपए निवेश कर दिए। जब उन्होंने मुनाफा निकालने की कोशिश की तो आरोपियों ने जीएसटी, करेंसी कन्वर्जन और अन्य शुल्क का हवाला देकर उन्हें टालना शुरू कर दिया। जल्द ही ग्रुप लीडर 'अर्चना उर्फ तनु' और बाकी सभी नंबर बंद हो गए, तब रंजीत को ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने तुरंत कल्याणपुर थाने में शिकायत की।इसी तरह अंबेडकरपुरम निवासी शिखा पांडेय को इंस्टाग्राम पर वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन गेमिंग के जरिए कमाई का विज्ञापन दिखा। नंबर पर संपर्क करते ही उन्हें टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा गया, जहां शुरुआती टास्क पूरा करने पर उन्हें कुछ रुपए भेजकर भरोसा दिलाया गया।इसके बाद अधिक कमाई का लालच देकर शातिरों ने उनसे 4,17,467 रुपए जमा करा लिए। बाद में पेमेंट रोक दिया गया और सभी नंबर बंद हो गए। थाना प्रभारी के मुताबिक, दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज की जा चुकी है और साइबर सेल टीम मामले की जांच कर रही है।

## घंटाघर रैन बसेरे में अव्यवस्थाओं पर डीएम नाराज़, दिए तत्काल सुधार के निर्देश

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। अत्यधिक ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सुबह करीब 7-45 बजे घंटाघर स्थित शेल्टर होम/रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया। यह रैन बसेरा स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत नव सृजन सोसाइटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित किया जा रहा है। निरीक्षण के समय रैन बसेरे में केयर टेकर अमर सिंह उपस्थित पाए गए।

निरीक्षण में सामने आया कि स्टील के ढांचे से अस्थायी रूप से निर्मित इस रैन बसेरे में ठहरने की क्षमता 24 व्यक्तियों की है, लेकिन मूलभूत सुविधाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। मौके पर न तो रसोईघर की कोई व्यवस्था थी और न ही पीने के पानी व शौचालय की सुविधा उपलब्ध मिली। गद्दे, कंबल, दरी और चादर मौजूद तो थे, लेकिन उनकी साफ-सफाई की स्थिति बेहद खराब पाई गई। इसके अलावा बाल्टी और मग जैसी आवश्यक दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी रैन बसेरे में उपलब्ध नहीं थीं।

निरीक्षण के दौरान रजिस्टर में दर्ज मोबाइल नंबरों की भी जांच की गई। दो मोबाइल नंबरों पर इनकमिंग कॉल बंद मिली, जबकि एक अन्य नंबर पर विवेक कुमार से संपर्क स्थापित हुआ। उन्होंने बताया कि वे बीती रात लगभग नौ बजे रैन बसेरे में आए थे और सुबह करीब पौने छह बजे वहां से चले गए।

निरीक्षण के दौरान नव सृजन सोसायटी के प्रतिनिधि द्वारा रैन बसेरे में रात्रि निवास करने वालों से 20 रुपए लेने की पुष्टि हुई, जिसके उपरांत डीएम ने उसके विरूद्ध सख्त कार्रवाई के लिए निर्देशित किया तथा जोनल अधिकारी से खराब पर्यवेक्षण के संबन्ध में स्पष्टीकरण भी तलब किया।

इन कमियों पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और मौके पर मौजूद केयर टेकर को फटकार लगाई। जिलाधिकारी ने नगर निगम के संबंधित जोनल अधिकारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं अपर नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि नगर निगम क्षेत्र के सभी रैन बसेरों का नियमित रूप से स्वयं निरीक्षण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि रैन बसेरे की सुविधा पूर्णतया निःशुल्क है। यदि कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार के धन की मांग करता है तो उसके विरुद्ध सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी। सभी रैन बसेरों में स्वच्छ बिस्तर, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई व्यवस्था, इमरजेंसी प्रकाश व्यवस्था तथा ठंड से बचाव के लिए अलाव सहित सभी आवश्यक सुविधाएं तत्काल सुनिश्चित कराई जाएं।

## पुलिस आयुक्त एवं मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में हुई आईसीसीसी परियोजना की समीक्षा बैठक

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल एवं मण्डलायुक्त के. विजयेन्द्र पांडियन की अध्यक्षता में आईसीसीसी परियोजना की समीक्षा बैठक आईसीसीसी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था), मुख्य कार्यकारी अधिकारी/नगर आयुक्त, सचिव (कानपुर विकास प्राधिकरण), अपर नगर आयुक्त, आईआईटी कानपुर की तकनीकी टीम तथा कानपुर स्मार्ट सिटी की टीम उपस्थित रही।

बैठक का मुख्य उद्देश्य आईसीसीसी परियोजना के अंतर्गत संचालित समस्त घटकों की वर्तमान क्रियाशीलता की समीक्षा करना तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से इनके अधिक प्रभावी उपयोग हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश देना रहा। इस दौरान पुलिस आयुक्त द्वारा आईसीसीसी से जुड़े कैमरों के माध्यम से शहर की निगरानी की समीक्षा की गई तथा पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से जरीब चौकी चौराहा एवं टाटमिल चौराहा पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मियों से संवाद कर यातायात संचालन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही शहर में अपराध नियंत्रण के लिए एएनपीआर कैमरों के प्रभावी उपयोग पर चर्चा की गई तथा अधिकाधिक स्थानों पर एएनपीआर कैमरे स्थापित किए जाने के निर्देश दिए गए।मण्डलायुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि भविष्य में आईसीसीसी परियोजना के संचालन हेतु चालान प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त होने वाले राजस्व से आईसीसीसी को भी वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराए जाने पर विचार किया जाना आवश्यक है। इस पर पुलिस आयुक्त द्वारा आईसीसीसी को एक रेवेन्यू मॉडल के रूप में संचालित किए जाने हेतु योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त द्वारा जानकारी दी गई कि आईसीसीसी परियोजना के अंतर्गत वर्तमान में स्मार्ट पार्किंग को राजस्व मॉडल पर संचालित किए जाने हेतु प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है तथा शीघ्र ही निविदा आमंत्रित की जाएगी।बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि पुलिस आयुक्त द्वारा प्रारंभ की गई त्रिनेत्र परियोजना के अंतर्गत स्थापित लगभग 3000 सीसीटीवी कैमरों को आईसीसीसी से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में आईआईटी कानपुर की टीम द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु पृथक बैठक आयोजित किए जाने का सुझाव दिया गया। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि त्रिनेत्र परियोजना के अंतर्गत स्थापित कैमरों को आईसीसीसी से जोड़ने हेतु निविदा प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।अंत में पुलिस आयुक्त द्वारा नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया कि शहर में सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण नियंत्रण एवं यातायात सुधार के लिए आवश्यक पुलिस बल की मांग करते हुए प्रतिदिन अभियान चलाया जाए।

## भीषड़ सर्दी में सर्व वैश्य समाज द्वारा जरूरतमंद नागरिकों को किया गया कंबल वितरण



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। छावनी विधान सभा क्षेत्र के बाबा हरदेव मंदिर प्रांगण में क्षेत्र के जरूरत मंद 180 नागरिकों को कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं नमों नमों मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ वीके साहू के करकमलों द्वारा कंबल वितरण किया गया।

डॉ वीके साहू ने कार्यक्रम आयोजकों को धन्यवाद एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस तरह के पुण्य कार्य हम सब को मिलकर करते रहना चाहिए। जिससे समाज के ग़रीब और ज़रूरतमंद लोगों की मदद होती रहे। उन्होंने कहा चुनाव आयोग द्वारा जारी स्ढ्ढक्रके तहत सभी मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाये और छूटे हुए मतदाताओं के नाम अपने ड्ढद्य१ के माध्यम से वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करवाये। डॉ साहू ने लोगों को जागरूक रहने और अपने बच्चों को शिक्षित करने पर बल दिया।कार्यक्रम में संयोजक प्रदीप गुप्ता ,डॉ विनोद गुप्ता, सतीश साहू, अशोक साहू, रतन गुप्ता, विजय नेता, आलोक गुप्ता, रत्नेश शर्मा, सोनू साहू, रतन गुप्ता, राकेश तिवारी, एससीएसटी आयोग के सदस्य रमेश कुंडे, सुभाष चंद्र साहू, सुशील कुमार आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बगैर लाइसेंस चल रहे मेडिकल स्टोर पर औषधि विभाग ने की कार्यवाही

## औषधि विभाग टीम ने 2 दवाओं के सैंपल लेते हुए 16 हजार की दवायें की सीज






कानपुर। औषधि विभाग को बगैर लाइसेंस के मेडिकल स्टोर चलाएं जाने की शिकायत बराबर मिल रही थी। औषधि निरीक्षक ओमपाल सिंह ने इंदिरा नगर स्थित भारत केमिस्ट में छापा मारा, जहां मेडिकल स्टोर का संचालन मोहम्मद अमान के द्वारा किया जा रहा था।औषधि निरीक्षक ने स्टोर संचालक से लाइसेंस संबंधित जानकारी मांगी तो वह कोई भी जानकारी नहीं दे सका और न ही लाइसेंस सम्बंधित कोई कागज दिखा सका। ड्रग विभाग टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए 16 हजार रूपये की दवाएं सीज की गई। दो दवाओं के सैंपल भी लिए गए हैं, जिसे जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। आगे की कार्रवाई औषधि अधिनियम के तहत की जाएगी।

# 5.3 डिग्री लुढ़का दिन का पारा हाईवे पर दृश्यता हुई जीरो

» बीपीएस न्यूज

कानपुर में शीतलहर के चलते अधिकतम तापमान 16.4 डिग्री पर सिमटा है। वहीं, कोहरे और प्रदूषण ने कल्याणपुर व किदवई नगर को रेड जोन में धकेल दिया है। कानपुर में उत्तर पश्चिमी हवाओं की रफ्तार बढ़ने से दिन में धूप के बावजूद तापमान 5.3 डिग्री लुढ़क गया। यह 16.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जबकि रात का पारा 7.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने शुक्रवार को शीत दिवस घोषित किया है। दिन में भी लोगों की कंपकंपी छूट गई। सुबह सात से आठ बजे के बीच हाईवे पर दृश्यता शून्य रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते शनिवार को दिन में धूप नहीं निकलने की संभावना है, ऐसे में तापमान और गिर सकता है। मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पांडेय के अनुसार पहाड़ों पर बर्फबारी के साथ हवाएं तेज चल रही हैं। इससे मैदानी क्षेत्रों में ठंड बढ़ रही है। कड़ाके की ठंड शुरू होगी, पाला भी पड़ेगा रात के साथ सुबह भी सात और आठ बजे तक शहर के बाहरी क्षेत्रों में कोहरे का असर तेज रह सकता है। इसी तरह नए साल के पहले दिन से जम्मू, हिमाचल में बर्फबारी तेज होने की वजह से तापमान तेजी से नीचे जाएगा, जिससे कड़ाके की ठंड शुरू होगी। ऐसे में पाला भी पड़ेगा, जिससे सरसों, मटर जैसी फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। दिसंबर में चार दिन रहा शीत दिवस दिसंबर में चार दिन शीत दिवस रहे। शुक्रवार 26 दिसंबर के अलावा 19, 23 और 24 दिसंबर शामिल है। इन दिनों में न्यूनतम तापमान दस डिग्री से कम और अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री कम रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार ऐसी स्थिति को शीत दिवस कहा जाता है। कल्याणपुर, किदवई नगर रेड जोन में नेहरू नगर येलो जोन एक तरफ तापमान लुढ़क रहा है तो कोहरे के साथ प्रदूषण की मात्रा सामान्य दो गुना हो रही है। शुक्रवार को कल्याणपुर में प्रदूषण की मात्रा 155 और किदवईनगर में 153 एक्यूआई रही। ये दोनों क्षेत्रों रेड जोन में आ गए। नेहरूनगर में 145 एक्यूआई रही। यह क्षेत्र येलो जोन घोषित किया गया। 50 एक्यूआई तक प्रदूषण की मात्रा सामान्य निर्धारित की गई है। आसपास के जिलों में भी घना कोहरा फतेहपुर, कानपुर, इटावा, औरैया, प्रतापगढ़, जौनपुर, अमेठी, प्रयागराज, मिर्जापुर, कौशाम्बी, आगरा, बरेली, रामपुर, बिजनौर, सहारनपुर, पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, बाराबंकी, अयोध्या, गोंडा, गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बस्ती, संतकबीरनगर, फिरोजाबाद और मैनपुरी में घना से बहुत घना कोहरा छाया रहेगा।

इन इलाकों में शीत दिवस की स्थिति भी बनी रहेगी।

### रवीन्द्र शर्मा ने मुख्यमंत्री से वार्ता में कहा

# अधिवक्ताओं को सपरिवार आयुष्मान से जुड़वाए और लागू करें अधिवक्ता पेंशन

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। विधायक सुरेंद्र मैथानी एडवोकेट के साथ पंडित रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लॉयर्स एसोसिएशन कल देर शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लखनऊ आवास पर वार्ता कर उन्हें अधिवक्ता हितार्थ कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अधिवक्ता कल्याणकारी योजनाओं की मांगों का प्रतिवेदन रवीन्द्र शर्मा ने योगी के हाथ में देते हुए कहा कि अधिवक्ताओं की सामाजिक सुरक्षा के लिए अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना जिसके तहत अधिवक्ता और अधिवक्ता परिवारों को नि:शुल्क चिकित्सा हेतु आयुष्मान योजना से जोड़ा जाए।

अधिवक्ता पेंशन योजना जिसके तहत बुजुर्ग अधिवक्ताओं को रिटायरमेंट की शर्त पर आजीवन रु 15000/ प्रतिमाह पेंशन देय हो लागू की जाए।

युवा अधिवक्ता प्रोत्साहन योजना जिसके तहत नवागंतुक युवा अधिवक्ताओं को प्रथम 5 वर्ष तक रु 5000/ प्रतिमाह देय हो लागू की जाए। और बुक्स अनुदान का जारी रुपया वितरित कराया जाए।

महिला अधिवक्ता सशक्तिकरण योजना जिसके तहत सरकारी गैर सरकारी अर्ध सरकारी प्राइवेट जहां अधिवक्ताओं की नियुक्ति होती है वहां 30त्न महिला अधिवक्ता को आरक्षित किया जाए। अधिवक्ता कल्याण निधि की परिपक्वता राशि रु 500000/ से बढ़ाकर रु 10 00 000/ की जाए।

मुख्यमंत्री ने हमारी मांगें ध्यान पूर्वक सुन कर मांग पत्र अपने पास रख लिया। शर्मा ने विश्वास जताया कि जैसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिवक्ता कल्याण निधि रु 1 50 000 से बढ़ाकर रु 500000/ की थी वैसे ही यह वार्ता अधिवक्ताओं की उपरोक्त सामाजिक सुरक्षा योजनाओ को लागू किए जाने की ओर एक मजबूत कदम साबित होगी। साथ में संजीव कपूर शिवम गंगवार वीर जोशी रहे।

# महिला कल्याण विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत किया गया जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन बी एन एस डी इंटर कॉलेज कानपुर नगर में महिला कल्याण विभाग के द्वारा किया गया। कर्मक्रम में बताया गया कि यदि आपके आसपास कोई भी 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह होता है व 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह होता है। तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आता है यदि ऐसा आपके आसपास हो रहा है।

तो आप 1098 पर सूचित करें।साथ ही बालिकाओं को सरकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, महिला हेल्पलाइन नंबर, वन स्टॉप सेंटर आदि

के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कॉलेज से प्रधानाचार्या डॉ मंजू शुक्ला व डॉ अपर्णा पांडे, डॉ सुजाता पांडे व समस्त स्टाफ बालिकाएं मौजूद रही।



# सड़क सुरक्षा को लेकर समन्वय एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश



## » स्कूली वाहनों एवं निजी एम्बुलेंसों की सघन जाँच कर नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। मण्डलायुक्त के. विजयेन्द्र पांडियन की अध्यक्षता में आयोजित मण्डलीय सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक, परिक्षेत्र कानपुर हरीश चन्दर, संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/ प्रवर्तन) संभाग कानपुर, राकेन्द्र कुमार सिंह, राहुल श्रीवास्तव सहित मण्डल के समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में निर्देशित किया गया कि सड़क सुरक्षा की समस्त बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएँ, ताकि लिये गये निर्णयों का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।पुलिस उप महानिरीक्षक, परिक्षेत्र कानपुर द्वारा सड़क दुर्घटनाओं के सम्बन्ध में पुलिस, परिवहन विभाग तथा अन्य समस्त स्टेकहोल्डर विभागों की संयुक्त टीमें गठित कर समन्वित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए, जिससे दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाई जा सके।आयुक्त द्वारा यूपीडा, एनएचएआई तथा चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स के निकटवर्ती क्षेत्रों में निवास करने वाले नागरिकों को सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल प्राथमिक उपचार एवं सहायता प्रदान करने के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिए जाने के निर्देश दिए गए।

आयुक्त एवं पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा समस्त जनपदों के सम्बन्धित अधिकारियों को सेव लाइफ फाउंडेशन की रिपोर्ट के अनुरूप अपने-अपने जनपदों में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा शिक्षा विभाग के माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

आयुक्त द्वारा अभियान चलाकर स्कूली वाहनों एवं निजी एम्बुलेंसों की सघन जाँच कर नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।साथ ही

चिकित्सा विभाग को निर्देशित किया गया कि निजी अस्पतालों से संबद्ध एम्बुलेंसों में उपलब्ध समस्त आवश्यक प्रपत्रों तथा मरीजों के उपचार हेतु प्रयोग किए जाने वाले लाइफ सपोर्ट उपकरणों को मानकों के अनुरूप सही एवं क्रियाशील कराया जाए।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत किया गया जागरुकता कार्यक्रम





» बीपीएस न्यूज

कानपुर। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कैलाश गर्ल्स इंटर कॉलेज कानपुर नगर में महिला कल्याण विभाग के द्वारा किया गया।

कर्मक्रम में बताया गया कि यदि आपके आसपास कोई भी 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह होता है व 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह होता है तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। यदि ऐसा आपके आसपास हो रहा है तो आप 1098 पर सूचित करें। साथ ही बालिकाओं को सरकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, महिला हेल्पलाइन नंबर, वन स्टॉप सेंटर आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

# पीड़ित सालो से खोये मोबाईल की छोड़ चुके थे उम्मीद, सामने पाकर हुए खुश

## » बाबूपुरवा साइबर सेल टीम द्वारा लगातार किया जा रहा है सराहनीय कार्य









कानपुर। बाबूपुरवा थाना प्रभारी अरुण कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में साइबर सैल प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र कुमार व उ0नि0 रमेश चौधरी टीम द्वारा एक हफ्ते के अन्दर वर्षों पहले खोये हुए 07 मोबाइल फोन जिसकी कीमत करीब 1 लाख रुपये है। खोए हुए मोबाइल की आईएमईआई रन होने के आधार पर बरामद कर लिए गये है।उसके बाद सभी पीड़ित व्यक्तियों को बुलाकर उनके खोए हुए मोबाइल को उन्हें सौंप दिया गया। सालों से गुम मोबाइल को सामने पाकर आंखों से खुशी झलकती दिखाई दी। सभी पीड़ितों ने साइबर टीम की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया।जिन्हें खोया हुआ मोबाइल दिया गया।उस पीडित/पीडिता का विवरण1. अनन्त मिश्रा नि0 टीपी नगर कानपुर नगर मो0 7007522133 मोबाइल माडल Samsunga14 5g2. गरिमा अग्निहोत्री नि0 थाना बाबूपुरवा कानपुर नगर मो0 7985140923 मोबाइल माडल redmi note 3. जुल्फिकार मेहदी नि0 बेगम पुरवा कानपुर नगर मो0 8896509757 मोबाइल माडल ह्नद्गड्डद्यद्वद्ग 13 श्चह्रह्य

4. प्रभात शर्मा नि0 कटनी मध्यप्रदेश मो0 9993950144 मोबाइल माडल Motorola g 35

5. अनुराग शुक्ला नि0 सुल्तानपुर मो0 9457784974 मोबाइल माडल infini& note 30

6. मो0 अफ्फान अंसारी नि0 बेगम पुरवा मो0 7084973036 मोबाइल माडल vivi 1 15 pro

7. गौरव कुमार नि0 इटावा मो0 9369725198 मोबाइल माडल realme 9 pro 5g

# कुलदीप सेंगर की जमानत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी सीबीआई !

**राहुल और सोनिया गांधी से मिली उन्नाव रेप पीड़िता, रेप पीड़िता बोली कि मेरी बात सुनकर दोनों की आंखें नम हो गई दिल्ली हाइकोर्ट ने पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर की उम्र कैद सजा निलंबित कर दी है**

» बीपीएस न्यूज

**नई दिल्ली। यूपी के उन्नाव रेप मामले में दोषी भाजपा से पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली उच्च न्यायालय से मिली जमानत के खिलाफ अब केंद्रीय जांच ब्यूरो सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने जा रही है। सीबीआई ने साफ कहा है कि यह मामला बेहद गंभीर है और पीड़ित को न्याय दिलाना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जांच एजेंसी जल्द ही सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल करेगी।इधर, उन्नाव रेप पीड़िता ने बुधवार शाम दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सांसद सोनिया गांधी से मुलाकात की। यह मुलाकात दस जनपथ स्थित सोनिया गांधी के आवास पर हुई। पीड़िता ने कहा कि उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मिलने की गुहार लगाई थी, लेकिन उससे कोई नहीं मिला।**



इसके बाद राहुल गांधी का खुद फोन आया और उन्होंने मिलने के लिए बुलाया। पीड़िता ने बताया कि उसने राहुल गांधी और सोनिया गांधी को अपनी आपबीती सुनाई। उसने कहा कि उसे बंधक बनाया गया, उसकी जान को खतरा है और लगातार डर के साए में जीना पड़ रहा है। पीड़िता के मुताबिक राहुल गांधी ने उससे कहा कि इस लड़ाई में वह उसके साथ हैं। पीड़िता ने कहा कि उसकी बातें सुनकर राहुल गांधी और सोनिया गांधी दोनों की आंखें नम हो गईं। दोनों नेताओं ने उसे भरोसा दिलाया कि यह न्याय नहीं बल्कि अन्याय है और वे उसे न्याय दिलाने की हर संभव कोशिश करेंगे।

**पीड़िता ने राहुल–सोनिया से मांगी तीन मदद**

पीड़िता और उसकी मां ने राहुल गांधी और सोनिया गांधी के सामने तीन प्रमुख मांगें रखीं। पहली, सुप्रीम कोर्ट में कुलदीप सिंह सेंगर के खिलाफ मुकदमा लड़ने के लिए शीर्ष स्तर का वकील उपलब्ध कराया जाए। दूसरी, परिवार की सुरक्षा को देखते हुए उन्हें किसी कांग्रेस शासित राज्य में शिफ्ट किया जाए। तीसरी, पीड़िता के पति को बेहतर नौकरी दिलाने में मदद की जाए। कांग्रेस नेताओं ने इन मांगों पर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है।

**मां बोलीं– हाईकोर्ट का फैसला हमारे लिए काल जैसा**

पीड़िता की मां ने कहा कि उच्च न्यायालय का फैसला उनके लिए काल के समान है। उन्होंने कहा कि वे इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। गौरतलब है कि कांग्रेस ने दो हजार बाईस के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पीड़िता की मां को प्रत्याशी बनाया था।दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा तेईस दिसंबर को कुलदीप सिंह सेंगर को जमानत दिए जाने के बाद पीड़िता, उसकी मां और सामाजिक कार्यकर्ता योगिता भयाना ने इसका विरोध किया। तीनों इंडिया गेट के सामने धरने पर बैठ गईं। देर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे पुलिस बल मौके पर पहुंचा और प्रदर्शन कर रही महिलाओं को जबरन वहां से हटा दिया। आरोप है कि उन्हें घसीटकर वैन में बैठाया गया।बुधवार को जारी एक वीडियो में पीड़िता ने पुलिस के व्यवहार पर गंभीर आरोप लगाए। उसने कहा कि उसकी मां को गाड़ी से फेंक दिया गया, उन्हें बंदी बना लिया गया और वकील से मिलने तक नहीं दिया गया।

ओपी राजभर के बयान पर विवाद

इस पूरे मामले पर उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओपी राजभर का बयान भी चर्चा में है। उन्होंने कहा कि जब अदालत ने सेंगर को पीड़िता के घर से पांच किलोमीटर दूर रहने का आदेश दिया है, तो असुरक्षा कैसी। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि पीड़ित पक्ष दिल्ली में क्या कर रहा है और प्रदर्शन की क्या जरूरत है। बयान के दौरान उनके हंसने को लेकर भी तीखी आलोचना हो रही है।राहुल गांधी ने उठाए सवाल–राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच पर पुलिस कार्रवाई और न्याय व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। उन्होंने पूछा कि क्या एक गैंगरेप पीड़िता के साथ ऐसा व्यवहार उचित है।

# अरुणाचल को भारत का हिस्सा बताने पर यूट्यूबर अनंत मित्तल को चीन ने एयरपोर्ट पर 15 घंटे हिरासत में रखा

» बीपीएस न्यूज

नई दिल्ली। यूट्यूबर अनंत मित्तल को चीन के एक एयरपोर्ट पर अरुणाचल प्रदेश को भारत का हिस्सा बताने के कारण करीब 15 घंटे तक हिरासत में रखा गया। हिरासत के दौरान उनके मोबाइल फोन, कैमरा और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त कर लिए गए। मित्तल का आरोप है कि उन्हें भारतीय दूतावास से संपर्क करने की अनुमति भी नहीं दी गई।अनंत मित्तल के अनुसार, पूछताछ के दौरान उन्हें कई घंटों तक खाना और पानी नहीं दिया गया, जिससे उन्हें मानसिक रूप से अत्यधिक तनावपूर्ण स्थिति का सामना करना पड़ा। मित्तल का कहना है कि उनके कंटेंट में अरुणाचल प्रदेश को भारत का हिस्सा बताया गया था, जो एक स्थापित और निर्विवाद सत्य है, लेकिन चीन इस तथ्य को मानने से इनकार करता है।मित्तल ने बताया कि लंबी पूछताछ के बाद अधिकारियों ने सूचित किया कि उनकी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और उन्हें भारत वापस भेजा जाएगा। करीब 15 घंटे बाद उन्हें एयरपोर्ट से रवाना किया गया।भारत लौटने के बाद अनंत मित्तल ने एक विस्तृत वीडियो जारी कर चीन में अपने साथ हुए व्यवहार का पूरा अनुभव साझा किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनका यह संदेश भारतीय और चीनी दूतावासों तक पहुंचे, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर भी तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं, जहां लोग अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन के रुख की आलोचना कर रहे हैं।



## टॉप कमांडर गणेश उइके समेत 5 माओवादी ढेर

नई दिल्ली। ओडिशा के कंधमाल जिले में चलाए गए एक बड़े माओवादी विरोधी अभियान में दो दिवसीय तलाशी अभियान के दौरान पांच माओवादी मारे गए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी है। बुधवार को बेलघर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गुम्मा वन क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में दो माओवादी शहीद हो गए। गुरुवार को चाकापद पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नारिग झोला वन क्षेत्र में हुई एक अन्य मुठभेड़ में तीन और माओवादी मारे गए। विशेष खुफिया शाखा (एसआईडब्ल्यू) से मिली विशिष्ट सूचनाओं के आधार पर, सुरक्षा बलों ने कंधमाल के चाकापद पुलिस थाना क्षेत्र और राम्भा वन क्षेत्र में गंजाम जिले के आसपास के इलाकों में 23 टीमों, 20 विशेष अभियान समूह (एसओजी) टीमों, दो सीआरपीएफ टीमों और एक बीएसएफ टीम के साथ एक संयुक्त अभियान चलाया। 25 दिसंबर, 2025 की सुबह एसओजी टीमों की मौजूदगी में कई स्थानों पर गोलीबारी की कई घटनाएं हुईं।तलाशी अभियान के बाद, सुरक्षा बलों ने वर्दीधारी चार माओवादी शव (दो पुरुष और दो महिलाएं) बरामद किए, साथ ही दो ढ्ढहृस्स्न राइफलें और एक .303 राइफल भी बरामद की। मारे गए माओवादियों में से एक की पहचान गणेश उइके के रूप में हुई है, जो केंद्रीय समिति के सदस्य और ओडिशा में माओवादी गतिविधियों के प्रमुख थे। अन्य तीन की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

# सुशासन दिवस पर अटल जी को शीर्ष नेतृत्व का नमन, राष्ट्रपति-पीएम ने दी श्रद्धांजलि

» बीपीएस न्यूज

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने दिल्ली स्थित सदैव अटल स्मारक पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित भाजपा के कई नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी।प्रधानमंत्री मोदी ने एक पोस्ट में अटल बिहारी वाजपेयी को एक ऐसे राजनेता के रूप में वर्णित किया, जिनका आचरण, गरिमा और राष्ट्रहित के प्रति अटूट प्रतिबद्धता भारतीय राजनीति के लिए एक मिसाल कायम करती है।



एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्र को प्रेरित करता रहेगा और उन्होंने कहा कि नेतृत्व पद से नहीं, बल्कि आचरण से परिभाषित होता है। संस्कृत के एक सुभाषित का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि महान नेताओं के कर्म समाज का मार्गदर्शन करते हैं, और उन्होंने कहा कि यह पहलू वाजपेयी के सार्वजनिक जीवन में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ।प्रधानमंत्री मोदी ने अपने ट्वीट में लिखा कि आदरणीय अटल जी की जयंती हम सभी के लिए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का एक विशेष अवसर है। उनका आचरण, गरिमा, वैचारिक दृढ़ता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प भारतीय राजनीति के लिए एक आदर्श मानक है।

# तारिक रहमान की वापसी से बांग्लादेश की सियासत में भूचाल

**» 2008 में लंदन रवाना होते वक्त दिया था राजनीति में न लौटने का हलफनामा, अब बदले हालात में वापस लौटे**

» बीपीएस न्यूज

नई दिल्ली। बांग्लादेश की सियासत आज नई करवट लेती दिख रही है। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कद्दावर नेता तारिक रहमान ढाका लौट आए हैं। 17 साल बाद उनकी यह वापसी सिर्फ राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि बांग्लादेश की सत्ता संतुलन को बदल देने वाली वापसी मानी जा रही है। ढाका उनकी मौजूदगी से आज 'रहमानमय' दिखाई दे रहा है।2008 का वह दौर याद किया जा रहा है, जब तारिक रहमान ने ढाका छोड़ते वक्त सरकार को लिखित शपथ दी थी कि वह राजनीति में नहीं लौटेंगे। उसी उड़ान से वह लंदन रवाना हो गए थे और फिर लंबे समय तक विदेश में गुमनामी और निर्वासन जैसी जिंदगी जीते रहे। इन 17 वर्षों में बांग्लादेश की राजनीति लोकतंत्र, उदारवाद और कट्टरपंथ के बीच संतुलन ढूंढती रही, और अब फिर से सियासी समीकरण तेजी से बदलते नजर आ रहे हैं।तारिक रहमान की यह वापसी न सिर्फ बीएनपी कार्यकर्ताओं के लिए बड़ा मनोबल है, बल्कि सत्ता के मौजूदा ढांचे के सामने भी बड़ा राजनीतिक संदेश है। समर्थकों में उत्साह और विरोधियों में सतर्कता के साथ आज ढाका की हर धड़कन राजनीति की नई दिशा का इंतजार करती दिखाई दे रही है।





# लॉरी से टक्कर के बाद बस में लगी आग, 12 लोगों की मौत

» बीपीएस न्यूज

**कर्नाटक। गुरुवार सुबह कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले के गोरलाथु गांव के पास एक लॉरी से टक्कर के बाद एक निजी बस में आग लग गई, जिसमें 12 से अधिक लोग जलकर मर गए। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर लॉरी ने बस को टक्कर मार दी, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। इस हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें हिरियूर और चित्रदुर्ग के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। हालांकि, अधिकारियों को आशंका है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। इस बीच, उत्तर पूर्वी रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) बीआर रविकांत गौड़ा और चित्रदुर्ग के पुलिस अधीक्षक (एसपी) रंजीत कुमार बंदारू समेत वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं।**



बस में 32 लोग सवार थे और यह बेंगलुरु से शिवमोग्गा जा रही थी। यह बस सी बर्ड नामक एक निजी सेवा कंपनी की थी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, चित्रदुर्ग के पास एक लॉरी और बस की भीषण टक्कर में कई यात्रियों के जलकर मर जाने की दुखद खबर सुनकर दिल कांप गया है। क्रिसमस की छुट्टियों में घर जा रहे लोगों की यात्रा का इस तरह दुखद अंत होना बेहद दर्दनाक है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए गहन जांच होनी चाहिए। मैं मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। इस दुर्घटना में अपनों को खोने वाले परिवारों के दुख में मैं उनके साथ हूं। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने ट्वीट किया, बेंगलुरु से गोकर्ण जा रही बस और ट्रक के बीच हिरियूर के पास हुए हादसे की खबर से गहरा सदमा लगा है, जिसमें कई लोग जलकर मर गए। मैं मृतकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द स्वस्थ हो जाएं। ईश्वर करे कि ऐसी त्रासदी दोबारा न हो।र्फ शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि हिरियूर ग्रामीण पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में तड़के हुई यह दुर्घटना लॉरी चालक की लापरवाही के कारण हुई। लॉरी डिवाइडर पार करके बस से टकरा गई, जिसके रिणामस्वरूप आग लग गई और 12 से अधिक लोगों की जान चली गई।

पुलिस को संदेह है कि लॉरी चालक को नींद आ गई होगी और जांच जारी है।

बंदारू ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, दुर्घटना एनएच–48 पर रात करीब 2 बजे हुई। ट्रक बेंगलुरु जा रहा था जब उसका चालक सो गया और डिवाइडर पार करके एक बस से टकरा गया। बस में तुरंत आग लग गई।

ट्रक में भी आग लग गई और उसके चालक की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने आगे कहा, बस में चालक और कंडक्टर समेत 32 लोग सवार थे। उनमें से 21 को बाहर निकाल लिया गया है। पांच से छह लोग घायल हुए हैं और उनका इलाज चल रहा है।

हालांकि, उनकी हालत गंभीर नहीं है।

# ग्राइंडर से पति के शव के टुकड़े करने का कोई पछतावा नही

» बीपीएस न्यूज

संभल। संभल के चंदौसी में प्रेमी गौरव के साथ मिलकर पति राहुल की हत्या कर ग्राइंडर से लाश के टुकड़े करने की आरोपी रूबी सलाखों के पीछे तो पहुंच गई लेकिन उसके चेहरे पर न शिकन है और न ही कोई पछतावा दिखा। सूत्रों के मुताबिक, वह मुरादाबाद जेल में पहले दिन सामान्य महिला बंदियों की तरह रही और भर पेट खाना भी खाया और भरपूर नींद ली। हालांकि जेल प्रशासन की ओर से उस पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।चंदौसी में पतरौआ रोड पर ईदगाह के पास नाले से 15 दिसंबर को पुलिस को एक धड़ मिला था। कंधे के पास राहुल लिखा था। पुलिस ने संभल समेत आस पड़ोस के जिलों में राहल नाम के लापता युवकों के बारे में जानकारी जुटानी शुरू की तब पता चला कि चंदौसी के मोहल्ला चुन्नी निवासी महिला रूबी ने अपने पति राहुल की गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज कराई थी।उसका पति राहुल 18 नवंबर से लापता था। पुलिस ने रूबी की निगरानी बढ़ा दी। इसी बीच पता चला कि रूबी और गौरव के बीच प्रेम संबंध है। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की उन्होंने अपना गुनाह कबूल करते हुए बताया कि उन्होंने ही राहुल की हत्या कर ग्राइंडर से लाश के टुकड़े करने के बाद फेंके थे।सोमवार को पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया जहां से दोनों को मुरादाबाद जिला जेल भेज दिया गया। रूबी को महिला बैरक में रखा गया है। जेल में आने के बाद भी रूबी के तेवर कम नहीं हुए हैं। पहले दिन से ही सामान्य महिला बंदियों की तरह रह रही है।




# कट्टरपंथियों ने दीपू चंद्र दास के बाद एक और हिंदू अमृत मंडल को पीट-पीटकर मार डाला



बांग्लादेश में जारी बवाल थमने का नाम नहीं ले रही है। यहां एक बार फिर हिंदू युवक की हत्या कर दी गई है। युवक की पहचान अमृत मंडल के रूप में हुई है। अमृत मंडल को भीड़ ने पीट–पीटकर मार डाला। पुलिस का कहना है कि यह हमला उगाही से जुड़ा हुआ है। आपको बता दें कि इससे कुछ दिन पहले दीपू चंद्र दास की हत्या कर दी गई थी। जिसके चलते पूरे बांग्लादेश में बवाल मच गया था।इस बार अपराधियों को ईशनिंदा का बहाना नहीं मिला तो नया आरोप इजाद कर लिया और भरे बाजार में 29 साल के युवक पर तब तक लात–घूंसे बरसाए जब तक उसका दम नहीं निकल गया। बताया जा रहा है कि यह घटना बुधवार रात करीब 11 बजे, पांग्शा उपजिला के होसैनडांगा ओल्ड मार्केट में हुई है। पुलिस के मुताबिक, अमृत मंडल पर कथित तौर पर वसूली के आरोप लगाए गए थे।पांग्शा मॉडल पुलिस स्टेशन के ओसी शेख मोइनुल इस्लाम ने गुरुवार सुबह घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि अमृत मंडल उर्फ सम्राट, पुलिस सूची में दर्ज 'सम्राट बाहिनी' का सरगना था। वह होसैनडांगा गांव निवासी अक्षय मंडल का बेटा था। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है और घटना के बाद से इलाके में तनाव का माहौल है। द डेली स्टार की रिपोर्ट में बताया गया है कि पुलिस ने सम्राट के एक साथी मोहम्मद सलीम को हिरासत में लिया है। उसके पास से दो हथियार बरामद किए गए हैं, जिनमें एक पिस्तौल और एक देसी शॉट वाली बंदूक शामिल है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सम्राट के खिलाफ कम से कम दो मामले दर्ज थे, जिनमें एक हत्या का मामला भी शामिल था।

# हनुमान चालीसा का पाठ बहुत शक्तिशाली है

## » भूलकर भी इस समय नहीं करना चाहिए हनुमान चालीसा का पाठ



हनुमान जी को कलयुग का सबसे प्रभावशाली और तुरंत फल देने वाला देवता माना जाता है। हनुमान चालीसा का पाठ करने से भय, कष्ट, रोग और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। लेकिन धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हनुमान चालीसा का पाठ करते समय समय, मन की स्थिति और नियमों का विशेष ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। गलत समय या गलत तरीके से किया गया पाठ पूरा फल नहीं देता है।

**इन समयों में न करें हनुमान चालीसा का पाठ**

देर रात या आधी रात के बाद

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बहुत देर रात हनुमान चालीसा का पाठ नहीं करना चाहिए। इस समय नकारात्मक शक्तियां अधिक सक्रिय मानी जाती हैं, जिससे पाठ का शुभ प्रभाव कम हो सकता है।

**श्मशान या अशुद्ध स्थान पर**

हनुमान चालीसा का पाठ हमेशा पवित्र और साफ जगह पर करना चाहिए। गंदे या अशुद्ध स्थान पर पाठ करने से इसका पुण्य फल नहीं मिलता है।

**नकारात्मक मन से या गुस्से में**

अगर मन अशांत, क्रोधित या बहुत दुखी हो तो उस समय पाठ करने से बचना चाहिए। हनुमान जी भक्ति और श्रद्धा से प्रसन्न होते हैं, मजबूरी या क्रोध से नहीं।

**शराब या मांसाहार के बाद**

शास्त्रों के अनुसार नशा या मांसाहार करने के बाद हनुमान चालीसा का पाठ करना अशुभ माना जाता है। इससे साधना का असर खत्म हो जाता है।बिना स्नान और साफ कपड़ों के

हनुमान चालीसा का पाठ करने से पहले शरीर की शुद्धता जरूरी मानी गई है। बिना स्नान या गंदे कपड़ों में पाठ करना उचित नहीं माना जाता है।

**हनुमान चालीसा पाठ का सही समय क्या है?**

हनुमान चालीसा पाठ सुबह ब्रह्म मुहूर्त में करना बेहद शुभ माना जाता है। इसके अलावा मंगलवार और शनिवार के दिन विशेष रूप से बजरंगबली की पूजा की जाती है। बता दें कि हनुमान चालीसा का पाठ आपको सूर्यास्त से पहले शाम के समय तक ही करना चाहिए। इन समयों में किया गया पाठ जल्दी फल देता है और मन को शांति प्रदान करता है।

हनुमान चालीसा पाठ के लाभ क्या हैं?

हनुमान चालीसा पाठ करने से भय और संकट दूर होते हैं।

इससे नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है।

इसके अलावा आत्मविश्वास बढ़ता है।

कर्ज और मानसिक तनाव से राहत मिलती है।

साथ ही, जीवन में सकारात्मकता आती है।

# बैटल ऑफ गलवान' का टीजर जारी.!




सलमान खान फिल्म्स के बैनर तले सलमा खान द्वारा निर्मित फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का टीजर, बॉलीवुड के चर्चित स्टार सलमान खान के 60वें जन्मदिन के अवसर पर जारी कर दिया गया है। यह सिर्फ एक बर्थडे रिवील नहीं है, बल्कि देश की सीमाओं पर डटे भारतीय जवानों और उनके अटूट साहस को समर्पित एक दिल से दी गई श्रद्धांजलि भी है। इस टीजर में सलमान खान अपने अब तक के सबसे दमदार अवतार में नजर आ रहे हैं, जहां वह एक भारतीय सेना के अफसर की भूमिका में हैं। उनके चेहरे पर दिखती सख़्ती, संयमित गुस्सा और शांत लेकिन मजबूत अंदाज़ बिना कुछ कहे बहुत कुछ कह देता है। खासतौर पर आख़िरी पलों में उनकी सीधी नज़र दर्शकों से जैसे बात करती है और एक गहरा असर छोड़ जाती है।

'बैटल ऑफ गलवान' सिर्फ एक वॉर फिल्म नहीं है, बल्कि यह टकराव की कीमत, सरहद पर डटे जवानों के साहस और इस सच्चाई की याद दिलाती है कि बहादुरी भले ही हमेशा अमर रहे, लेकिन असली जीत आखिरकार शांति में ही होती है। इस फिल्म के टीजर को बेहद असरदार बनाती हैं स्टेबिन बेन की आवाज, जो खामोशी को चीरते हुए भावनाओं और जल्दबाज़ी का एहसास कराती हैं। वहीं हिमेश रेशमिया का दमदार बैकग्राउंड स्कोर अपनी तेज़ और धड़कन बढ़ा देने वाली धुनों से विजुअल्स की सच्चाई को और भी गहराई देता है। अपूर्व लाखिया के निर्देशन में बनी 'बैटल ऑफ गलवान' बहादुरी, बलिदान और जज़्बे की एक सच्ची और बेबाक कहानी पेश करने का वादा करती है। फिल्म में अदाकारा चित्रांगदा सिंह भी अहम भूमिका में नजर आएंगी।

**प्रस्तुति– काली दास पाण्डेय**

# क्या बार-बार फट रहे हैं आपके कोमल, मुलायम होंठ



सर्दियों का मौसम आते ही सबसे पहले हमारी स्किन और होंठों पर दिखाई देता है। ठंडी हवा और शुष्क वातावरण की वजह से होंठ सूखने लगते हैं और कई बार फटकर दर्द देने लगते हैं। बच्चों से लेकर बड़ों तक, लगभग हर कोई इस समस्या से जूझता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि फटे होंठों की वजह सिर्फ ठंड नहीं, बल्कि शरीर में एक खास विटामिन की कमी भी हो सकती है?

**सर्दियों में क्यों फट जाते हैं होंठ?**

जैसे-जैसे ठंडा और सूखा मौसम होने लगता है, हवा में नमी की मात्रा कम हो जाती है।

इसकी वजह से शरीर से पसीना कम निकलता है और स्किन की नेचुरल नमी बनाए रखने वाली ग्रंथियां ठीक से काम नहीं कर पातीं हैं। इसी वजह से होंठ सबसे पहले सूखने लगते हैं और फिर फटने लगते हैं। कई बार तो होंठों से खून तक निकलने लगता है।

**विटामिन की कमी भी हो सकती है वजह**

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, फटे होंठों की समस्या सिर्फ सर्दियों में ही नहीं होती है। कई लोगों को पूरे साल होंठों की ड्रायनेस रहती है, जो सर्दियों में और बढ़ जाती है। इसका एक बड़ा कारण शरीर में विटामिन ब्र2 की कमी है। विटामिन ब्र2 स्किन को मुलायम और हेल्दी बनाए रखता है। इसकी कमी से होंठ फटना, स्किन का रूखापन और मुंह में छाले जैसी समस्याएं हो सकती हैं।अगर आपको बार-बार होंठ फटने की शिकायत रहती है, तो डॉक्टर की सलाह लेकर अपनी डाइट पर ध्यान देना जरूरी है। विटामिन ब्र2 से भरपूर चीजें जैसे दूध, दही, अंडा, हरी सब्जियां और साबुत अनाज को खाने में शामिल करना फायदेमंद हो सकता है।

**फटे होंठों का घरेलू उपाय**

फटे होंठों से बचने के लिए सबसे जरूरी है शरीर को हाइड्रेट रखना होता है। दिनभर में ठीक मात्रा में पानी पिएं। हफ्ते में 3 से 4 बार होंठों को हल्के हाथ से एक्सफोलिएट करें। इसके लिए आटा, हल्दी और शहद मिलाकर पेस्ट बनाकर इस्तेमाल किया जा सकता है।

# महिला क्रिकेट में रेणुका का जलवा! 4 विकेट लेकर भारत को जिताया, केरल को बताया लकी चार्म



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने श्रीलंका पर 8 विकेट से जीत दर्ज कर टी20 सीरीज में 3-0 की बढ़त बनाई, जिसमें रेणुका सिंह ठाकुर ने 4/21 विकेट लेकर शानदार वापसी की। मैच के बाद रेणुका ने केरल को अपना लकी ग्राउंड बताया, जहां उन्होंने हमेशा बेहतरीन प्रदर्शन किया है, जिससे टीम का आत्मविश्वास बढ़ा।

भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका महिला टीम पर आठ विकेट से शानदार जीत दर्ज करते हुए पांच मैचों की टी20 सीरीज में 3-0 की मजबूत बढ़त हासिल कर ली। यह जीत भारतीय महिला टीम के आक्रामक गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत मिली, जिसमें वापसी कर रही रेणुका सिंह ठाकुर का शानदार प्रदर्शन रहा, जिन्होंने 4/21 के प्रभावशाली आंकड़े दर्ज किए। मैच के बाद रेणुका ने अपने प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया और केरल को अपना भाग्यशाली मैदान बताया। लंबे समय के अंतराल के बाद वापसी कर रही रेणुका ने नई गेंद से बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4/21 विकेट लिए और श्रीलंका के शीर्ष क्रम को परेशान किया।मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में रेणुका सिंह ने अपने प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए केरल को अपना लकी ग्राउंड बताया। उन्होंने कहा कि अंडर-19 क्रिकेट के दौरान भी वह अक्सर यहां चार विकेट लेती थीं। उन्होंने भारतीय महिला टीम की गेंदबाजी की भी तारीफ की और मजबूत तेज गेंदबाज-स्पिनर संयोजन की सराहना करते हुए कहा कि टीम का लक्ष्य मैचों को जीतने और महिला क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए उच्च मानकों को बनाए रखना है।

रेणुका ने कहा कि मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा। मैं लंबे समय से टी20 क्रिकेट खेल रही हूं, इसलिए खुश हूं। केरल मेरा लकी ग्राउंड है। मैंने यहां अंडर-19 क्रिकेट भी खेला है। जब भी मैंने खेला है, चार विकेट लिए हैं। केरल आकर मैं बहुत उत्साहित थी। यह मेरा लकी ग्राउंड है। भारतीय तेज गेंदबाज ने आगे कहा कि गेंदबाजी विभाग अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। तेज गेंदबाजों और स्पिनरों का संयोजन बढ़िया है। हम विश्व कप के लिए बेहतर संयोजन खोजने की कोशिश कर रहे हैं। हम अपने मानकों को ऊंचा बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं ताकि हम ज्यादा से ज्यादा मैच जीत सकें। हमारा मकसद महिला क्रिकेट को अगले स्तर तक ले जाना है।

रेणुका के साथ-साथ दीप्ति शर्मा ने भी भारत बनाम श्रीलंका मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए 3/18 विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट की बराबरी करते हुए महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में संयुक्त रूप से सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं, जिनके नाम 151 विकेट हैं। इस मैच में श्रीलंका ने शुरुआत में ही संघर्ष किया और 32 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। कौशिनी नुत्यांगना की 19* रनों की पारी के बावजूद श्रीलंका 20 ओवरों में केवल 112/7 रन ही बना पाई। भारतीय टीम की ओर से शेफाली वर्मा ने 42 गेंदों पर 79 रनों की तेज पारी खेली और कप्तान हरमनप्रीत कौर (21*) के शानदार सहयोग से भारत ने 6.4 ओवर शेष रहते आठ विकेट से जीत हासिल की।



# छात्रवृत्ति में लापरवाही पर डीएम सख्त, 51 शैक्षिक संस्थानों को नोटिस

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लंबित आवेदनों को लेकर डीएम ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने एनआईसी के माध्यम से जूम मीटिंग कर जिले की समस्त दशमोत्तर शैक्षिक संस्थाओं के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक की। बैठक में सामने आया कि 1,09,305 छात्रवृत्ति आवेदनों के सापेक्ष 75,813 आवेदन अग्रसारित किए जा चुके हैं, जबकि 33,492 आवेदन अब भी शैक्षिक संस्थाओं के स्तर पर लंबित पड़े हैं।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि लंबित सभी आवेदनों की हार्ड कॉपी तत्काल छात्रों से प्राप्त कर नियमानुसार अग्रसारित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि छात्रवृत्ति जैसे संवेदनशील विषय में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तीन दिवस के भीतर सभी लंबित आवेदनों का निस्तारण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराया जाए।

बैठक में यह भी सामने आया कि जनपद की 14 शैक्षिक संस्थाओं द्वारा अब तक आईएनओ/एचओआई बायोमैट्रिक प्रक्रिया पूरी नहीं कराई गई है। इस पर जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए संबंधित संस्थाओं को 26 और 27 दिसंबर को जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय पहुंचकर बायोमैट्रिक प्रक्रिया पूर्ण कराने के आदेश दिए। कई नामी संस्थानों द्वारा प्रक्रिया अधूरी रखने पर डीएम ने नाराजगी जताई।

इसके अलावा 51 शैक्षिक संस्थाओं द्वारा एक भी छात्रवृत्ति आवेदन अग्रसारित न किए जाने पर जिलाधिकारी ने अप्रसन्नता व्यक्त की और ऐसी शून्य प्रगति वाली संस्थाओं को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने शैक्षिक संस्थाओं के माध्यम से सभी छात्र–छात्राओं को निर्देशित किया कि वे 30 दिसंबर 2025 से पहले अपने छात्रवृत्ति आवेदन की हार्ड कॉपी अनिवार्य रूप से अपनी संस्था में जमा करें, जिससे आवेदन समय से अग्रसारित किए जा सकें। साथ ही जिला समाज कल्याण अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी और अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए गए कि 27 और 28 दिसंबर को अवकाश के दिन भी कार्यालय खुलवाकर बायोमैट्रिक और आवेदन अग्रसारण की प्रक्रिया पूरी कराई जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि लंबित आवेदनों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित शैक्षिक संस्थाओं की जिम्मेदारी तय की जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

# 30 हजार, 10 हजार और 60 हजार क्षमता वाली पोल्ट्री इकाइयों से किसानों को मिला लाभ



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। योगी सरकार की कुक्कुट विकास नीति से कानपुर नगर में पशुपालन और रोजगार की दिशा में बड़ा बदलाव आया है। जिले में इस योजना के तहत स्थापित पोल्ट्री इकाइयों से अंडा उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है और बड़ी संख्या में किसानों व युवाओं को स्वरोजगार का अवसर मिला है।

पशुपालन विभाग द्वारा लागू कुक्कुट विकास नीति–2013 और 2022 के अंतर्गत जिले में अलग–अलग क्षमता की पोल्ट्री इकाइयों को स्वीकृति दी गई।

**नवंबर 2025 तक संचालित इकाइयां**

30 हजार क्षमता वाली 18 लेयर इकाइयां
10 हजार क्षमता वाली 4 लेयर इकाइयां
60 हजार क्षमता वाली 5 लेयर इकाइयां
अंडा उत्पादन में बड़ी उपलब्धि

30 हजार क्षमता वाली इकाइयों से अब तक करीब 5.32 करोड़ अंडों का उत्पादन हुआ है।

10 हजार क्षमता वाली इकाइयों से लगभग 68 लाख अंडे उत्पादित हुए हैं।

60 हजार क्षमता वाली इकाइयों से 1.06 करोड़ से अधिक अंडों का उत्पादन दर्ज किया गया है।

**पोल्ट्री से बदली जिंदगी**

कानपुर नगर के चौबेपुर क्षेत्र के किसान अनुपम सचान ने कुक्कुट विकास नीति के तहत 30 हजार क्षमता का लेयर फार्म स्थापित किया। पहले सीमित आमदनी पर निर्भर रहे अनुपम अब पोल्ट्री फार्म से नियमित आय अर्जित कर रहे हैं। उनके फार्म से हर महीने हजारों अंडों का उत्पादन हो रहा है और स्थानीय स्तर पर कई लोगों को रोजगार भी मिला है। अनुपम का कहना है कि सरकारी योजना और विभागीय मार्गदर्शन से उनका व्यवसाय लगातार आगे बढ़ रहा है।

कुक्कुट विकास नीति की मुख्य बातें
ज़्पोल्ट्री व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए

**लेयर और ब्रॉयलर फार्म की स्थापना**

30 हजार पक्षियों की क्षमता वाले लेयर फार्म की अनुमति
10 हजार पक्षियों की क्षमता वाले ब्रॉयलर फार्म की स्थापना
परियोजना लागत के लिए बैंक ऋण की सुविधा
बैंक ऋण पर ब्याज में छूट (इंटरेस्ट सब्सिडी)
फार्म के लिए भूमि खरीद पर स्टांप ड्यूटी में रियायत
बिजली शुल्क में राहत, जिससे लागत कम होतीजिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शासन का लक्ष्य हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना है।

कुक्कुट विकास नीति के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। योजनाओं की नियमित निगरानी से लाभार्थियों को समय पर लाभ सुनिश्चित किया जा रहा है।

# सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सुशासन दिवस पर किया गया जन-जागरूकता कार्यक्रम

» प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हुए पुरस्कृत 20 छात्र

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी बाजपेई की जयंती के अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सुशासन दिवस के अवसर पर एक विशेष जन–जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के बिधनू विकास खंड में आयोजित इस कार्यक्रम का विषय था सुशासन दिवस एवं विकसित भारत– जी राम जी। कार्यक्रम में एक विषयागत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन कर 20 विजयी प्रतिभागियों को विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही विभाग के नामित जादूगर सुरेश एंड पार्टी द्वारा मनोरंजक माध्यम से लोगों को सुशासन दिवस एवं वीबी– जी राम जी के बारे में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन बिधनू के ब्लॉक प्रमुख अरुण कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होने कहा कि सरकार की जवाबदेही और प्रभावी प्रशासन के संबंध में नागरिकों को अधिक जागरूक करने के लिए 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। जवाबदेही और प्रभावी प्रशासन का संकल्प है सुशासन दिवस, जिसे हर सरकारी कर्मी व नागरिक को लेना चाहिए।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि, सदस्य, जिला पंचायत दिनेश यादव ने कहा कि विकसित भारत–जी राम जी 125 दिन ग्रामीण रोजगार की नई गारंटी है। इस योजना से लक्ष्य है कि विकसित ग्राम पंचायत से विकसित भारत की ओर हम सब दृढ़ता से बढ़े और इसकी प्राप्ति करें। अब गांवों में रहने वाले लोगों को अधिक काम मिलेगा। जिससे घर–घर खुशहाली और संपन्नता आएगी।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि सोनू पासवान, जिला पंचायत सदस्य ने अपने संबोधन में कहा कि वीबी– जी राम जी से अब बेरोजगारी भत्ते के लिए बेहतर प्रावधान होंगे। साथ ही समय पर मजदूरी का भुगतान होगा। भुगतान में देरी होने पर इस योजना में मुआवजा मिलने का भी प्रावधान किया जा रहा है। इससे ग्राम पंचायत न सिर्फ मजबूत होंगी बल्कि विकसित भी होंगी। अपना देश विकसित तभी होगा जब हमारी ग्राम पंचायतें विकसित होंगी।

मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव त्रिपाठी ने कहा कि सुशासन दिवस का मकसद केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि प्रशासनिक सोच में बदलाव है। नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने, सरकारी सेवाओं गुणवत्ता सुधार लाने, ई–गवर्नेंस को बढ़ावा देने और नीति व जमीनी हकीकत के बीच की दूरी कम करने के उद्देश्य से ये दिन मनाया जाता है।

आज सरकारी कार्यों में ऑनलाइन माध्यम का प्रयोग करने व लाभ लेने वाले लोगों का प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है। पहले बुजुर्ग लोगों को पेंशन इत्यादि प्राप्त करते रहने के लिए कष्ट उठाकर जीवित प्रमाण पत्र बनवाना पड़ता था। अब सरकार ने घर बैठे मोबाइल फोन द्वारा बुजुर्ग लोगों को यह सुविधा प्रदान कर दी है ।लोगों की भी ज़िम्मेदारी है कि वे विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध रहें। साथ ही सरकारी लाभ लेने में किसी भी प्रकार पीछे न रहें।

सुशासन के लिए ही राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस रणनीति है। जिसमें सभी सरकारी सेवाओं को आम आदमी के लिए उनके इलाके में, आम सेवा वितरण केन्द्रों के माध्यम से सुलभ बनाना और दक्षता, पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। लखनऊ से आए जादूगर सुरेश एंड पार्टी द्वारा जादू के हैरतअंगेज़ करतबों के माध्यम से लोगों को मनोरंजक माध्यम से विषयागत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी थे आर्यन, योग पांडे, सौम्या, कल्याण, मिथलेश, वंशी, देवांश, नित्या, पवन, शरद, सौरभ, आदर्श निगम, दिनेश यादव, विनीत, नरेश, अवधेश, राजकमल, सुशील विश्वकर्मा, आशि व जगदंबा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित थे डॉ मिनी अवस्थी, सर्जन, सीएचसी बिधनू, डॉ मनीष अवस्थी, पशु चिकित्साधिकारी, बिधनू, रामदेव शुक्ला, पीयूष त्रिपाठी, कल्याण, भूपेंद्र व अन्य स्थानीय लोग।

# 1500 करोड़ का महाघोटाला महाठग की तलाकशुदा पत्नी पर एफआईआर

» बीपीएस न्यूज

कानपुर 1500 करोड़ की ठगी के आरोपी रविंद्रनाथ सोनी की पहली पत्नी स्वाति पर छह करोड़ के चेक बाउंस और धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ है। अब ईडी इस पूरे घोटाले की जांच संभालेगी। देश–विदेश के 700 से अधिक लोगों से लगभग 1500 करोड़ की ठगी के आरोपी रविंद्रनाथ सोनी और उसके साथियों के बाद अब उसकी तलाकशुदा पत्नी स्वाति के खिलाफ भी जांच शुरू हो गई है। कोतवाली पुलिस ने एनआरआई संदीप पांडेय की तहरीर पर उसके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की है। उस पर कई निवेशकों से रुपये लेने के बदले चेक देकर पैसा लौटाने की गारंटी देने का आरोप है। कोतवाली क्षेत्र की 42.29 लाख रुपये की ठगी के आरोप में पुलिस ने दिल्ली के मालवीयनगर निवासी रविंद्रनाथ को देहरादून से गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ और घटना की जानकारी पर बड़ा खुलासा हुआ। आरोपी सोनी ने निवेश के नाम पर दुबई, शारजाह, मलेशिया, फ्रांस, जापान के लोगों से ठगी की साजिश रची थी। जांच के लिए एसआईटी का गठन हुआ। एसआईटी ने रविंद्रनाथ सोनी को रिमांड में लेकर जानकारी जुटाई। एनआरआई संदीप पांडेय ने पहली पत्नी के खिलाफ दी तहरीरइसमें कई अभिनेताओं के साथ उसकी पहली पत्नी स्वाति और दूसरी पत्नी का नाम सामने आया। स्वाति के पास एनसीआर में कई संपत्ति होने की संभावना जताई गई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक अब तक दोनों पत्नी के नाम से कोई तहरीर नहीं आई थी। एनआरआई संदीप पांडेय ने पहली पत्नी के खिलाफ तहरीर दी है। इस पर रविंद्रनाथ सोनी, सूरज जुमानी और स्वाति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। कई चेक दिए थे, जो बाद में बाउंस हो गए संदीप पांडेय का आरोप है कि उन्होंने ब्लूचिप कंपनी में 25 लाख दिरहम (करीब छह करोड़ 10 लाख रुपये) का निवेश किया था। 2022–23 में कंपनी की हालत खराब हुई। निवेश करने वालों को हर महीने मिलने वाला ब्याज रुक गया। कई लोगों ने कंपनी के कार्यालय में जाकर हंगामा किया। कंपनी से रुपये वापस करने के लिए कहा जिस पर स्वाति ने आकर रुपये देने की गांरटी ली थी।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर विशेष रोड सेफ्टी अभियान,. 38 चालान, 03 वाहन सीज़, 3,96,000 का वसूला गया जुर्माना

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर जनपद में लगातार विशेष रोड सेफ्टी अभियान चलाया जा रहा है। इन्हीं निर्देशों के अनुपालन में 21 दिसंबर 2025 को उप जिलाधिकारी नरवल विवेक कुमार मिश्रा, एसीपी अभिषेक पांडे एवं एआरटीओ मानवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा नरवल मोड़ से महाराजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर देर रात तक व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान टीम द्वारा वाहनों की गति नियंत्रण, ओवरलोडिंग की जांच, ब्लैक स्पॉट का चिन्हीकरण, धुंध व ठंड के कारण संभावित दुर्घटना–स्थलों का मूल्यांकन किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु सड़क सुरक्षा के सभी पहलुओं पर प्रभावी कार्यवाही करने तथा प्रवर्तन एवं जन–जागरूकता दोनों मोर्चों को सुदृढ़ करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

इन्हीं निर्देशों के तहत अभियान के दौरान ओवर स्पीडिंग, शराब पीकर वाहन चलाने, ओवरलोड वाहन संचालन के मामलों में सख्त कार्रवाई की गई। कई वाहनों को सीज़ किया गया तथा चालान की कार्यवाही की गई। सभी संदिग्ध चालकों की ब्रेथ एनालाइज़र से जांच भी की गई। तहसील नरवल क्षेत्र में तहसील स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुरूप सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु लगातार अभियान संचालित किए जा रहे हैं।


विशेष अभियान में परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा की गई संयुक्त कार्यवाही में कुल 38 चालान किए गए, 03 वाहन सीज़ किए गए, कुल ?3,96,000 का जुर्माना वसूल किया गया। संयुक्त प्रवर्तन कार्रवाई परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा की गई, जिसमें ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, कागज़ात की जांच, शराब पीकर वाहन चलाने तथा अन्य यातायात उल्लंघनों पर विशेष ध्यान दिया गया।

# खुले आसमान और बढ़ती ठंड के बीच मजबूर निराश्रितों को रैन बसेरों ने दी बड़ी राहत

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। शीतलहर और बढ़ती ठंड के बीच खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर निराश्रितों के लिए रैन बसेरे राहत का ठिकाना बनकर सामने आए हैं। जनपद में ठंड बढ़ने के साथ रैन बसेरों में ठहरने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बीते पांच दिनों में ही 2707 निराश्रितों ने रैन बसेरों में सुरक्षित आश्रय लिया ।शासन के निर्देशों के क्रम में नगर निगम द्वारा जनपद के छह जोनों में कुल 30 स्थायी और एक अस्थायी सहित कुल 35 रैन बसेरे संचालित किए जा रहे हैं। प्रमुख अस्थायी रैन बसेरा झकरकटी बस अड्डे पर स्थापित है। सभी रैन बसेरों में निराश्रितों के लिए कंबल, रजाई और गद्दे उपलब्ध कराए गए हैं तथा प्रत्येक रैन बसेरे के बाहर अलाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। शासन के निर्देशानुसार सभी रैन बसेरे पूरी तरह नि :शुल्क संचालित किए जा रहे हैं।

रैन बसेरों की निर्धारित क्षमता से अधिक लोगों के पहुंचने की स्थिति में अतिरिक्त रजाई–कंबलों की व्यवस्था तत्काल कराई जा रही है, जिससे किसी भी निराश्रित को असुविधा न हो ।सुतरखाना का शहरी आश्रय गृह बना सुरक्षित ठिकाना



पं. दीन दयाल अन्त्योदय योजनाङ्कराष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (ष्ठङ्ग–हरू) के अंतर्गत शहरी बेघर व्यक्तियों के लिए सुतरखाना क्षेत्र में नौ नंबर रेलवे स्टेशन मार्ग पर 50 बेड क्षमता वाला अत्याधुनिक तीन मंजिला रैन बसेरा संचालित किया जा रहा है। यहां महिला, पुरुष और दिव्यांगजन के लिए पृथक व्यवस्था की गई है।

इस रैन बसेरे में अटैच टॉयलेट, सभी कमरों में आरओ पेयजल, प्रवेश द्वार पर फुलवारी, पूरे परिसर में पाथवे तथा अत्यंत स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया गया है।

यहां 14 दिसंबर को सर्वाधिक 122 निराश्रितों ने आश्रय लिया, जबकि इसी अवधि में एक अन्य दिन 14 दिसंबर को 101 निराश्रित भी दर्ज किए गए। झकरकटी बस स्टैंड का अस्थायी रैन बसेरा भी भर रहा

नगर निगम द्वारा झकरकटी बस स्टैंड पर संचालित 29 बेड क्षमता वाले अस्थायी रैन बसेरे में भी समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यहां प्रत्येक दो बेड के बीच मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, बेड पर रजाई, कंबल और तकिए की व्यवस्था की गई है। यहां ठहरने वालों की संख्या रही—

अपर नगर आयुक्त मो0 अवेश खान ने बताया कि शीतलहर को देखते हुए रैन बसेरों की व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जनपद का कोई भी निराश्रित व्यक्ति ठंड में खुले में न रहे और सभी को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सम्मानजनक आश्रय उपलब्ध हो।

# चेहरा कूंचकर की पत्नी की हत्या

## घर पर ताला डालकर भागा, पहली बीवी की हत्या में जा चुका है जेल

» पति पर हत्या का आरोप, तलाश में जुटीं टीमें

» 21 नवंबर को जलाकर मारने का किया था प्रयास

» बीपीएस न्यूज





कानपुर। कानपुर में अपनी पहली पत्नी की हत्या के आरोप में जेल काट चुके संजय ने अब अपनी दूसरी पत्नी रोशनी की भी हत्या कर दी है; आरोपी ने पहले भी उसे जलाकर मारने का प्रयास किया था और वर्तमान में वह घर में ताला लगाकर फरार है।

कानपुर के गोविंदनगर थाना क्षेत्र में प्राइवेट कर्मी संजय कुमार ने अपनी पत्नी रोशनी (25) की किसी भारी वस्तु से चेहरे पर वार कर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी घर पर ताला डालकर भाग निकला। शनिवार सुबह बहन से मिलने पहुंचे अकबरपुर झबैया गांव निवासी भाई राहुल ने शक होने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ताला तोड़कर घर के अंदर से शव बरामद किया। पुलिस ने संजय के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज दर्जकर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

राहुल ने पुलिस को बताया कि रोशनी की शादी पिछले साल आठ दिसंबर को गुजैनी एफ ब्लॉक निवासी संजय कुमार से हुई थी। संजय गड़रियनपुरवा में एक फर्म में नौकरी करता है। आरोप है कि संजय और उसकी मां इंद्रादेवी बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। इसके चलते बहन ने पति और सास के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद सास और बहनोई घर छोड़कर अलग रहने लगे थे। राहुल कई दिनों से बहन के साथ उसी के घर पर रह रहा था।23 दिसंबर को संजय ने सुबह घर आकर उसे अपने घर जाने के लिए कहा, तो वह गुजैनी गांव में अपने एक मित्र के यहां रहने चला गया। शुक्रवार को बहन का फोन न उठने पर घर आया लेकिन ताला लगा देखकर लौट गया। इसके बाद बहन से कोई संपर्क न होने पर वह शनिवार सुबह फिर घर आया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस की मौजूदगी में ताला तोड़े जाने पर बहन



का रक्तरंजित शव किचन के पास पड़ा मिला।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि पति पर हत्या का आरोप है। उसकी तलाश में टीमें लगा दी गई हैं।

पत्नी रोशनी की हत्या कर घर में ताला लगाकर भाग निकलने वाले संजय की पुलिस को तलाश है। संजय पर पत्नी की हत्या करने का आरोप पहली बार नहीं है। वह अपनी पहली पत्नी नेहा की भी हत्या के आरोप में करीब एक साल तक जेल में रह चुका है। मामले के विवेचक मनीष सिंह चौहान ने बताया संजय की पहली पत्नी नेहा से 12 साल की बेटी वर्तिका है। नेहा की 31 जुलाई 2023 को संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। उसका शव फंदे पर लटका मिला था। मामले में महिला के मायके वालों ने संजय के खिलाफ हत्या का आरोप लगा कर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। बेटी वर्तिका के कहने पर मायके पक्ष ने समझौता कर लिया था। इसके बाद वह जेल से बाहर आ गया। जेल से छूटने के कुछ माह बाद संजय ने अकबरपुर झबैया गांव निवासी रोशनी से शादी की थी। रोशनी के परिजनों का आरोप है कि कुछ माह तो सब ठीक चला इसके बाद संजय और उसकी मां दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे।भाई राहुल के अनुसार 21 नवंबर को बहन रोशनी को जलाकर मारने की नीयत से पहली मंजिल पर बने कमरे में पति और सास ने आग लगा दी थी। दोनों लोग आग लगाने के बाद ताला बंद कर भाग गए थे। जबकि बहन आग से बचने के लिए छत पर चढ़कर मदद मांग रही थी। पड़ोसियों ने आग बुझाकर उसपर उसकी जान बचाई थी। जली हुई गृहस्थी का सामान अभी तक वैसे ही पड़ा है। इंस्पेक्टर रिकेश कुमार सिंह ने बताया कि हत्या में प्रयुक्त औजार नहीं मिला है। वहीं, घटनास्थल के पास लगे कैमरों की फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## सवारी को लेकर ऑटो चालकों में मारपीट, जमकर चले लात-घूंसे

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। कानपुर में कल्याणपुर-बिठूर रोड तिराहे पर रविवार को सवारी बैठाने को लेकर ऑटो चालकों के दो गुट आपस में भिड़ गए। बीच सड़क पर हुई इस मारपीट के दौरान ट्रैफिक पुलिस तमाशबीन बनी रही और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, ऑटो स्टैंड पर सवारी को पहले अपनी गाड़ी में बैठाने की होड़ में चालकों के बीच पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट होने लगी। सड़क पर ही चालकों ने एक-दूसरे पर लात-घूंसे बरसाने शुरू कर दिए। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। बता दें कि जिस तिराहे पर यह हंगामा हो रहा था, वहां ट्रैफिक पुलिस के जवान मौजूद थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुलिसकर्मी बीच-बचाव करने के बजाय दूर खड़े होकर मूकदर्शक बने रहे। मारपीट की वजह से तिराहे पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया।

## भक्ति-सुरों संग निकली पनकी दरबार की पदयात्रा, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत, विशाल भंडारे का भी आयोजन

कानपुर। श्री बजरंग भक्त परिवार मंडल ने बादशाही नाका से पनकी धाम तक भव्य पदयात्रा निकाली। यहां बाबा को छप्पन भोग लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की गई।कानपुर में श्री बजरंग भक्त परिवार मंडल के तत्वावधान में रविवार को पनकी हनुमान जी बाबा के दरबार तक पारिवारिक संगीतमय पदयात्रा निकाली गई। महामंडलेश्वर महंत जितेन्द्र दास एवं महामंडलेश्वर कृष्ण दास महाराज के सानिध्य में यात्रा सुबह साढ़े सात बजे बादशाही नाका चौराहा स्थित हनुमान मंदिर से प्रस्थान हुई। भव्य झांकी, ध्वज-पताकाओं और भजन-कीर्तन के साथ भक्तजन जयकारों के बीच आगे बढ़ते रहे।समिति के मनीष दर्पण अग्रवाल ने बताया कि पदयात्रा का उद्देश्य वर्षभर में हुई भूलचूक के लिए क्षमायाचना करना और नव वर्ष पर देश-प्रदेश की समृद्धि और परिवारों के सुख-शांति की कामना करना है। बारहवें वार्षिकोत्सव के रूप में आयोजित यह यात्रा मूलगंज, लाटूश रोड, डिप्टी पड़ाव, चंद्रिका देवी, जरीब चौकी, दर्शनपुरवा, फजलगंज और विजयनगर मार्ग से होकर पनकी दरबार पहुंची।

यहां भक्तों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रियों का स्वागत किया। दरबार परिसर को भव्य रूप से सजाया गया।

## 16को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा विधानसभा में किया जाएगा धरना प्रदर्शन

कानपुर। माध्यमिक शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर संघ के तत्वाधान में शिक्षणेत्तर संघ के प्रदेश महामंत्री शिव बहादुर यादव का वेतन रोके जाने तथा उत्पीड़न करने के जिला विद्यालय निरीक्षक कानपुर नगर के कार्य के विरोध स्वरूप 16 जनवरी 2026 को विधानसभा लखनऊ के समक्ष धरना प्रदर्शन करेंगे। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एवं शिक्षणेत्तर संघ के संघर्ष समिति के संयोजक हरिश्चंद्र दीक्षित ने संयुक्त बैठक को संबोधित करते उक्त सूचना एक विज्ञप्ति में दी की पंडित शिव गोविंद मिश्रा आर्य नगर इंटर कॉलेज आर्य नगर में शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर संघ की संयुक्त बैठक में शिव बहादुर यादव प्रदेशमहामंत्री उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ का जिला विद्यालय निरीक्षक कानपुर नगर द्वारा वेतन अवरुद्ध करने तथा उत्पीड़न करने के कदम की भर्त्सना की गई। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करने की कार्यवाही की निंदा करते हुए वेतन तत्काल अवमुक्त करने की मांग की गई।

बैठक में शिव बहादुर ने स्थिति को स्पष्ट करते हुए आंदोलन को सफल बनाने की अपील की तथा 16 जनवरी 2026 को अधिकाधिक संख्या में लखनऊ पहुंचकर शिक्षा निदेशक माध्यमिक के कार्यालय पर एकत्र होकर धरना प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष हरिश्चंद्र दीक्षित के प्रस्ताव के माध्यम से उच्च अधिकारियों से अपील की है कि 16 जनवरी 2026 के पूर्व शिव बहादुर यादव का अवरुद्ध वेतन भुगतान करने की अपील की है। बैठक में हरिश्चंद्र दीक्षित के अलावा शिवकांत कटियार, राजेंद्र कुमार कुरील, बाबूलाल कुशवाहा, रितेश सचान, पंकज कुमार वर्मा, जितेंद्र बाल्मीकि, उमेश चंद, सुबोध कटियार, विनोद यादव, प्रभात पांडे, सुबोध कुमार, जगदीश पाल, मुरलीधर त्रिपाठी, सुरेश कुमार यादव, सुनीत कुमार शर्मा, अखिलेश कुमार गुप्ता, हरिलाल, मनोज कुमार, जिया अशरफ, आनंद स्वरूप इत्यादि लोग उपस्थित रहे।













बीपीएस न्यूज
(साप्ताहिक समाचार पत्र)
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/2016/66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, संपादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502, व्हाट्सअप 9335908846
email:bps.knp786@gmail.com, info@bpsnews.in , www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओ की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनो के अंदर भेजे।